

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 148

ग्वालियर, मंगलवार, 15 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## केजरीवाल बोले- इस बार इन सारी पार्टियों को हराना है और आप को वोट दे पंजाब को बचाना है

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है सभी पार्टियों ने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आप के संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लोगों से कहा है कि सब लोग आंख बंद करके अपने सामने अपने बच्चों की तस्वीर रखना और फिर वोट डालना। कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पंजाब को हराने के लिए ये सारी पार्टियां फिर इकट्ठी हो गई हैं, लेकिन इस बार पूरा पंजाब मिलकर इन्हें हराएगा। सोमवार को पंजाब पंहुचे केजरीवाल ने कहा कि सारी पार्टियां मिलकर केवल मुझको और सरदार भगवंत मान को गालियां दे रही हैं। केजरीवाल ने कहा, हम दिल्ली की तरह पंजाब में भी स्कूल, अस्पताल, बिजली व सड़क अच्छा करेंगे और रोजगार देंगे। इस बार इन सारी पार्टियों को हराना है और पंजाब को बचाना है। यह हम सबके बच्चों के भविष्य की बात है। केजरीवाल ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी हालत में फिसल मत जाना।

अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के अमृतसर में कहा कि पूरा पंजाब देख रहा है कि पिछले कुछ दिनों से ये सारी पार्टियां और इनके सारे नेता केवल और केवल मुझको और सरदार भगवंत मान को गालियां दे रहे हैं। रविवार को अमित शाह जी पंजाब आए। उन्होंने केवल आम



आदमी पार्टी और मेरे को गालियां दीं। चन्नी साहब सुबह उठते हैं और शाम को सोने तक मेरे को और भगवंत मान को गालियां देते हैं। वो तो सुखबीर बादल का नाम भी नहीं लेते हैं। सुखबीर बादल साहब केवल मेरे को और भगवंत मान को गालियां देते हैं। वो भी चन्नी साहब का कभी नाम नहीं लेते हैं। प्रियंका गांधी आई, वो भी केवल मेरे को गालियां दे रही थीं। ऐसा लगता है कि ये सारे इकट्ठे हो गए हैं और इकट्ठे होकर हम लोगों को गालियां दे रहे हैं। ये सभी एक ही भाषा बोलते हैं और सबकी एक ही शब्दावली है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में एक ईमानदार सरकार देंगे। ये सारी पार्टियां इकट्ठी हो गई हैं। ये आम आदमी पार्टी को नहीं, ये पंजाब को हराना चाहती हैं। ये पार्टियां नहीं चाहती हैं कि किसी भी हालत में आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार बने। ये पार्टियां चाहती हैं कि जिस तरह से ये पार्टिया 70 साल से पंजाब को लूट रही थीं, ऐसे ही लूटती रहें। ये लूट नहीं बंद होनी चाहिए। इनको डर है कि अगर आम आदमी पार्टी की सरकार बन गई, तो हमेशा के लिए इनकी लूट खत्म हो जाएगी और फिर इनको लूटने के मौके नहीं मिलेंगे। ये सारी पार्टियां पंजाब को हराना चाहती हैं।

केजरीवाल ने कहा कि चाहे कांग्रेस का समर्थक हो, चाहे भाजपा का हो, चाहे किसी भी पार्टी का हो, आपकी पार्टियों ने आज तक आपको कुछ नहीं दिया। 70 साल में भाजपा ने भाजपा वालों को क्या दिया?

## राज सत्ता की देवी मां पीतांबरा के दर्शन करने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**भोपाल।** देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज सत्ता की देवी मां पीतांबरा के दर्शन करने एमपी के दतिया जिले पहुंचे है।यूपी में चुनाव को लेकर बुंदेलखंड में जनसभा को संबोधित करने अमित शाह



विशेष दौरे पर दतिया पहुंचे है। बताया जा रहा है कि इस दौरान गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद रहे। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री की व्यापक सुरक्षा के लिए दतिया में पुलिस बल तैनात किया गया है।इसके पहले शाह खजुराहो विमानतल पर पहुंचे थे। जहां प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उनका स्वागत किया। बता दें कि दतिया जिले में स्थित मां पीतांबरा को राजसत्ता की देवी भी माना जाता है। इस रूप में भी भक्त उनकी आराधना करते हैं। जानकारी के मुताबिक राजसत्ता की कामना रखने वाले भक्त यहां आकर गुप्त पूजा अर्चना करते हैं। यहां देश में चुनाव से पहले कई बड़े राजनेताओं तक का आना लगातार शुरु हो जाता है। वहीं ऐसा भी माना जाता है कि मां पीतांबरा देवी अपना दिन में तीन बार रुप बदलती हैं। मां के दर्शन से सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। इस मंदिर को चमत्कारी धाम भी माना जाता है।

## रिजर्व बैंक के साथ डिजिटल मुद्रा पर बातचीत जारी अंतिम फैसला विचार-विमर्श के बाद : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि डिजिटल मुद्रा पर रिजर्व बैंक के साथ बातचीत जारी है, इसपर कोई फैसला विचार-विमर्श के बाद होगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा था कि



रिजर्व बैंक नए वित्त वर्ष में डिजिटल रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) जारी करेगा। उन्होंने एक अप्रैल से अन्य डिजिटल संपत्तियों से हुए लाभ पर 30 प्रतिशत की दर से कर लगाने की भी घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों की बैठक को संबोधित करने के बाद वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बैंक और सरकार डिजिटल मुद्रा को लेकर एक साथ हैं। उन्होंने बताया कि सीबीडीसी पर रिजर्व बैंक से बजट से पहले से बातचीत हो रही थी और यह अब भी जारी है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि कई अन्य मुद्दों की तरह इस मुद्दे पर भी केंद्रीय बैंक और सरकार के बीच आंतरिक रूप से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि इस बारे में जो भी बिंदु हैं उनपर हमने सरकार के साथ चर्चा की है। सीबीडीसी हालांकि, डिजिटल मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना अन्य निजी डिजिटल मुद्राओं या हाल के दशक में तेजी से पैर पसारने वाली क्रिप्टोकरेंसी से नहीं की जा सकती। निजी डिजिटी करेंसी किसी व्यक्ति के कर्ज या देनदारी का प्रतिनिधित्व नहीं करती।

# इस बार 10 दिन पहले भाजपा की प्रचंड जीत की होली मनेगी : मोदी

### टीएमसी नेता के हिंदू वोट बंटवारे के बयान पर बरसे पीएम



**कानपुर देहात।** यूपी में अपनी पार्टी का प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुंकार बरते हुए कहा कि इस बार 10 दिन पहले भाजपा की प्रचंड जीत की होली मनेगी। पीएम मोदी ने सोमवार को कानपुर में रैली को संबोधित करते हुए गोवा तक को साधने की कोशिश की। यूपी में दूसरे चरण के मतदान के बीच गोवा और उत्तराखंड में टीएमसी नेता की ओर से हिंदू वोट बंटवारे को लेकर कही गई बात को आधार बनाकर पीएम मोदी जमकर बरसे और कहा कि चुनाव आयोग को इसको संज्ञान में लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गोवा और यूपी की जनता को भी इस पर गौर करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, मैंने गोवा के टीएमसी नेता का अखबार में इंटरव्यू देखा है। ममता बनर्जी की पार्टी के एक नेता जो गोवा में पहली बार लड़ रहे हैं, उनसे पूछा गया कि आपकी पार्टी का यहां तो वजूद है नहीं, क्यों यहां चुनाव लड़ रहे हो, उन्होंने जो जवाब दिया वह चुनाव आयोग के लिए गौर करने लायक है, मेरे यूपी के मतदाताओं के लिए भी गौर करने लायक है, उन्होंने कहा कि हमने तो उस पार्टी से इसलिए गठबंधन किया है क्योंकि हम गोवा में हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं। आप देखिए क्या हिम्मत। क्या यह सेक्युलरिज्म है क्या? आप खुलेआम कहें कि हिंदू वोट बांटना चाहते हैं, तो किसके वोट इकट्ठा करना चाहते हो? मैं गोवा के लोगों से कहना चाहता हूं कि यह मौका है इस तरह की राजनीति को दफना देने का। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि दो फेज की वोटिंग से चार बातें साफ हो चुकी हैं, इस बार होली 10 दिन पहले रंगो वाली होली जनता मनाएगी। भाजपा की प्रचंड जीत की होली मनेगी। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार, योगी की सरकार फिर से जोर शोर से गाजे-बाजे के साथ आ रही है। हर जाति, हर बिरादरी, हर वर्ग के लोग बिना बटे, गांव-शहर एकजुट होकर बीजेपी को वोट कर रहे हैं, दूसरा फेज भी बढ़ रहा है। माता-बहनों और बेटियों ने भाजपा का झंडा उठा लिया।

### जालंधर रैली में पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी बोले सो निहाल से शुरू किया संबोधन

**जालंधर।** पंजाब विधानसभा चुनाव में यहां पीएपी ग्राउंड में रैली भाजपा गठबंधन की रैली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंच गए हैं। उन्होंने नवा पंजाब का नारा दिया और कहा कि नवा पंजाब भाजपा दे नाल, नवा पंजाब नवा टीम के साथ। पंजाब भी अब डबल इंजन की सरकार से विकास होगा और बदलाव होगा। उन्होंने बोले सो निहाल के घोष से अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहाकि मैं जालंधर के देवी तालाब मंदिर में माता जी के दर्शन करने जाना चाहता था, लेकिन यहां की पुलिस ने अपने हाथ खड़े कर लिये। ये हालत है पंजाब में प्रशासन का। उन्होंने पंजाब के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मेरा पंजाब से खास लगााव मिला है। मैं पंजाब की सेवा करता रहा हूं। मेरी ये सेवा नवा पंजाब के संकल्प से शुरू हो गया है। अब पंजाब का भाजपा गठबंधन सरकार के साथ विकास होगा। रैली में पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह व शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के प्रधान सुखदेव सिंह ढींडसा सहित अन्य नेताओं ने पीएम का स्वागत किया।

## जनसभा को संबोधित कर सिद्धू ने कहा, मैं राहुल गांधी का सिपाही हूं



**होशियारपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की रैली में बोलने से इनकार करने वाले पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिद्धू ने सोमवार को होशियारपुर में राहुल गांधी की रैली को संबोधित किया। सिद्धू ने कहा कि आज वह राहुल गांधी से मांगना चाहते हैं, कि जब कांग्रेस की सरकार आएगी,तब किसी विधायक के बेटे को चेयरमैन नहीं बनाया जाएगा बल्कि पुलिस के डंडे खाने वाले वर्करों को बनाया जाएगा। उन्होंने कहा की अगर ऐसा नहीं होता,तब वह अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साधकर कहा कि कांग्रेस ने उन्हें फकीर बनाया है। कैप्टन को कांग्रेस से निकाल कर राहुल गांधी ने देशद्रोहियों की तरफ कर दिया है। कांग्रेस में एक नई कहानी लिखी जा रही है, जिसे राहुल गांधी लिख रहे हैं। सिद्धू ने कहा कि राहुल गांधी ने चरणजीत चन्नी जैसे दलित को मुख्यमंत्री बनाकर इतिहास रच दिया है। आज बदलाव दिखाई दे रहा है, नया पंजाब बनाने की होड़ चल रही है। सिद्धू ने कहा वह राहुल गांधी का सिपाही हूं। आज वह जोर देकर कहते हैं कि अगर कांग्रेस की सरकार आती है,तब पंजाब में माफिया राज को खत्म कर दिया जाएगा। चोर माफिया खत्म करेक लोगों के पैसे लोगों को दिया जाएगा, यहीं राहुल गांधी का मॉडल है। आज रेत की ट्रॉली को 5000 रुपए मिल रहे थे।

## खास खबर

### पीएम मोदी की सभा को लेकर दुकाने बंद करवाने पर भड़के दुकानदार, बोले नहीं करेंगे कभी ...

**जालंधर।** पंजाब में विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार करने पहुंचे पीएम मोदी की रैलियो से पहले यहां दुकान बंद करो को लेकर विवाद हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने जालंधर के रामा मंडी इलाके में ज्यादातर दुकाने बंद करवा दी और जो खुली हैं उनके आगे किसी को रुकने नहीं दिया जा रहा जिस कारण दुकानदारों का काम नहीं चल रहा और आज उनके सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने प्रशाशन के खिलाफ आपनी भड़ास निकाली और उन्होंने कहा की भाजपा को कभी वोट नहीं डालेंगे। इस प्रोटेस्ट में दुकानदारों के साथ इलाका के कांग्रेसी पार्षद पति जगदीश गर्ग ने भी प्रशासन की निंदा की और वहां पर पहुंचे एक पुलिस अधिकारी के सामने अपना विरोध दर्ज करवाया।

### यूपी- सीतापुर में जीप-कार भिड़े, 4 लोगों ने दम तोड़ा

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के महमूदाबाद इलाके में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में जीप और एक कार की भिड़त हो गई, जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। जांच की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे सीतापुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आरपी सिंह ने कहा, ÷मृतकों की पहचान 24 वर्षीय सुरजीत यादव, 35 वर्षीय अजीत कुमार सिंह, 13 वर्षीय कमला और 35 वर्षीय सीमा सिंह के रूप में हुई है।÷ पुलिस के अनुसार गांव भथरा माधव निवासी सुरजीत अपनी जीप महमूदाबाद की ओर चला रहा था तभी महमूदाबाद-सिधौली मार्ग पर सिधौली की ओर जा रही कार से टकरा गई। ये घटना धन्नीपुरवा गांव के पास हुई। ये सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। एसपी ने कहा कि दोनों वाहन आपस में फंस गए और शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वॉट्सएप स्टेटस पसंद नहीं आया, महिला की कर दी हत्या

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। महिला की हत्या इसकारण कर दी गई क्योंकि कुछ लोगों को उनका वॉट्सएप स्टेटस पसंद नहीं आया। लिहाजा इन लोगों ने महिला की इस कदर पिटाई कर दी कि उसकी मौत हो गई। महिला की बेटी के दोस्त के परिवारवालों पर हत्या का आरोप लगा है।मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। महिला की उम्र 48 साल है।महिला की 20 साल की बेटी ने वॉट्सएप स्टेटस पर कुछ लिखा था, जो उनके दोस्त के परिवारवालों को पसंद नहीं आया। कहा जा रहा है कि मैसेज से उन्हें लगा कि उनका अपमान किया जा रहा है। लिहाजा आरोप है कि इन लोगों ने घर जाकर महिला पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि 10 फरवरी को, दूसरी लड़की की मां और भाई-बहन पीड़ित लीलावती देवी प्रसाद के घर गए और कथित तौर पर उसकी और उसके परिवार के अन्य सदस्यों की पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि प्रसाद को गंभीर चोटें आई और उस अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान अगले दिन उसकी मौत हो गई।उनकी बेटी ने कहा कि उनका वॉट्सएप पोस्ट एक सामान्य पोस्ट था और यह उनके दोस्त के लिए नहीं था।

### मुलायम की दूसरी पत्नी साधना ने कहा, अखिलेश को मैंने अपना सौतेला बेटा नहीं समझा

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव ने दो शादी की है।मुलायम की दूसरी पत्नी का नाम साधना गुप्ता है।पूर्व सीएम अखिलेश की मां मालती देवी के निधन के बाद मुलायम सिंह यादव ने साधना गुप्ता से विवाह कर लिया था। कई बार यह अटकलें लगाई गई कि अखिलेश यादव और उनकी मां के बीच संबंध अच्छे नहीं है। इसपर खुद साधना गुप्ता ने हकीकत बयान की थी। साधना गुप्ता ने साल 2017 में एक इंटरव्यू दिया था। उन्होंने इंटरव्यू में अपने और अखिलेश के संबंधों को लेकर बातें बताई थी कि उनके अखिलेश यादव के साथ कैसे संबंध हैं। साधना गुप्ता ने कहा था कि अखिलेश और प्रतीक मेरी दो आंखें हैं।

## प्रदेश में पिछले पांच वर्ष में प्रदेश में नहीं हुआ कोई दंगा न ही कर्फ्यू लगा : योगी



### सीएम बोले- अखिलेश की मंशा आजम खान जेल से बाहर न आएं, कांग्रेस को डुबोने भाई-बहन पर्याप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान जारी है। विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ बेहद उत्साहित हैं। सोमवार को दूसरे चरण के मतदान के दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण के बाद स्थिति साफ हो गई है। भाजपा उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के बाद स्थिति साफ होती जा रही है, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी और इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले चरण के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुए हैं। प्रदेश में कहीं पर भी कोई दंगा नहीं हुआ, नहीं तो यहां दंगे और गुंडागर्दी होती थी। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या बंगाल में इतने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव होते हैं। बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बर्बर अत्याचार हो रहा था। वहां पर तो बूथ कैप्चर किए जा रहे थे और केरल में भी ऐसे ही हुआ था। उन्होंने कहा कि ये लोग जो बंगाल से यहां आकर अराजकता फैलाने की बात कर रहे हैं, इसके प्रति जनता को अलर्ट करने की जरूरत थी कि सावधान जो सम्मान और सुरक्षा मिली है उस पर सेंध लगाने के लिए लोग आ गए हैं। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बेहद गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां फर्जीवाड़ा के आरोप में एक वर्ष से अधिक समय से सीतापुर की जेल में बंद हैं। अखिलेश यादव खुद नहीं चाहते हैं कि आजम खां जेल से बाहर आएं। अगर आजम खां बाहर आ गए तो अखिलेश जी की कुर्सी खतरे में पड़ जाएगी। आजम खां या अन्य लोगों के मामले न्यायालय से जुड़े हैं, इनका राज्य सरकार से कोई लेना-देना नहीं। जमानत देने का अधिकार न्यायालय का होता है। उनको बाहर निकालने के लिए मजबूत पैरवी नहीं की जा रही है।

## पीएम मोदी पर राहुल गांधी का हमला, वे कभी रोजगार पर कुछ नहीं कहते

**होशियारपुर।** पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। इसी कड़ी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित कर विपक्षियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब का चुनाव कोई मामूली चुनाव नहीं है, बल्कि इसमें आपको नई सरकार चुननी है। हमने कुछ वक्त पहले आपको एक नया मुख्यमंत्री दिया। उन्होंने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी गरीब घर के बेटे हैं।वहां गरीबी को गहराई से समझते हैं। चन्नी जब सरकार चलाएंगे,तब अरबपतियों की नहीं बल्कि गरीबों की, छोटे व्यापारियों इत्यादि की सरकार चलाएंगे। देश के हर एक प्रदेश में बेरोजगारी फैल रही है। क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों, किसानों पर आक्रमण किया। यह आक्रमण उस वक्त शुरू हुआ जब मोदी जी ने



नोटबंदी का ऐलान किया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी के दौरान लगी लंबी कतारों में किसी ने अरबपतियों को देखा। उसमें छोटे व्यापारी, किसान, दुकानदार और आम लोग दिखाई दिए। सरकार ने छोटे व्यापारियों, दुकानदारों इत्यादि की जेब से पैसे निकालकर अरबपतियों की जेब में डाल दिया। प्रधानमंत्री कहते थे 15 लाख रुपए सभी के अकाउंट में डालूंगा? 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा, किसी को रोजगार मिल गया? आज नरेंद्र मोदी अपने भाषण में रोजगार की बात क्यों नहीं करते हैं? राहुल गांधी ने कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री की मीटिंग है,उस आप लोग सुनिएगा, उसमें रोजगार, भ्रष्टाचार इसकी बात वहां नहीं करने वाले हैं। यहां पर बैठे किसी एक व्यक्ति को जीएसटी से फायदा हुआ। नहीं हुआ।फायदा सिर्फ 2-3 अरबपतियों को हुआ। इसके बाद नरेंद्र मोदी जी ने काला कानून लाया। जिस लेकर पंजाब के किसान कोरोना के समय ठंड में भूखे एक साल तक खड़े रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ कांग्रेस खड़ी रही। आप सभी ने देखा किसान बिल को लेकर भाजपा और शिअद ने क्या कुछ कहा। एक साल बाद नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि गलती हो गई। एक साल के लिए किसानों के बात नहीं की। 700 किसान शहीद हुए, संसद में मैंने 2 मिनट किसानों के लिए मौन रखने की बात कही,वहां भी नहीं कर पाए।

## चार नगर निगमों के चुनाव में टीएमसी ने मारी बाजी मां माटी मानुष की जीतः ममता

**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल में चार नगर निगमों के चुनाव में टीएमसी ने बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। यहां 12 फरवरी को मतदान हुए थे। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक बिधाननगर नगर निगम में टीएमसी ने 41 में से 24 सीटों पर कब्जा कर लिया था वहीं 10 पर आगे चल रही थी। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि यहां भी टीएमसी की जीत सुनिश्चित हो चुकी है। पश्चिम बंगाल में चार नगर निगमों के चुनाव में टीएमसी ने बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। यहां 12 फरवरी को मतदान हुए थे। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक बिधाननगर नगर निगम में टीएमसी ने 41 में से 24 सीटों पर कब्जा कर लिया था



वहीं 10 पर आगे चल रही थी। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि यहां भी टीएमसी की जीत सुनिश्चित हो चुकी है। बता दें कि असनसोल, बिधाननगर, सिलिगुड़ी और चंदानगर में 12 फरवरी को चुनाव हुए थे। अब तक स्पष्ट हो चुके परिणामों की बात करें तो असनसोल में टीएमसी ने 43, सीपीआईएम ने दो, भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की। सिलीगुड़ी में मेयर रहे अशोक भट्टाचर्जी भी चुनाव हार गए। वह लेफ्ट के जानेमाने नेता हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए प्रचार करने पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश गयीं टीएमसी सुप्रीमो ने कहा था कि उनकी पार्टी ने उस राज्य में वृहद हित को ध्यान में रखते हुए चुनाव न लड़ने का फैसला किया। बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, टीएमसी ने उत्तर प्रदेश में कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया क्योंकि मैं नहीं चाहती कि अखिलेश यादव (सपा प्रमुख) किसी भी सीट पर कमजोर पड़ें। चुनाव के पहले चरण में मुझे उम्मीद है कि अखिलेश की पार्टी 57 में से 37 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

**न्यूज़ ट्रैक....**

## 2019 के बाद पहली बार घरेलू धरती पर कोई डेविस कप मुकाबला खेलेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली** । अगले माह चार और पांच मार्च को डेनमार्क के खिलाफ होने वाले डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के विश्व ग्रुप एक मुकाबले के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है। भारतीय टीम इस मुकाबले में उतरने के साथ ही फरवरी 2019 के बाद पहली बार घरेलू धरती पर कोई डेविस कप मुकाबला खेलेगी। भारतीय टीम का चयन अखिल भारतीय टेनिस संघ की पेशेवर चयन समिति की बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नंदन बल ने की। रोहित राजपाल को टीम का कप्तान और जीशान अली को टीम का कोच बनाया गया है। टीम 23 फरवरी को अभ्यास के लिए दिल्ली में एकत्र होगी। खिला?ियों की उपलब्धता और प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया गया है। भारत और डेनमार्क की टीमों के बीचडेविस कप में केवल दो बार मुकाबला हुआ है। साल 1927 में कोपनहेगन में डेनमार्क ने भारत को 5-0 से हराया जबकि सितंबर 1984 में भारत ने उसे पराजित किया था। टीम में रामकुमार रामनाथन, प्रजनेश गुणेश्वरन, युकी भांबरी, रोहन बोपन्ना, दिविज शरण, साकेत मिनेनी (रिज़र्व), दिग्विजय प्रताप सिंह (रिजर्व) शामिल हैं।

## बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित आठ टीमें भाग लेंगी

**दुबई** । 28 जुलाई से 8 अगस्त तक बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों की घोषणा कर दी गयी है। इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बारबाडोस, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान के अलावा श्रीलंकाई टीम भाग लेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने राष्ट्रमंडल खेल क्वालीफायर के बाद कहा कि श्रीलंका इसमें भाग लेने वाली आठवीं टीम होगी। वहीं अन्य महिला टीमों ने पहले ही क्वालीफाई कर लिया था। राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट पहली बार खेला जा रहा है। इससे पहले साल 1998 में एक बार पुरूष क्रिकेट टीम ने इन खेलों में भाग लिया था। इस बार लीग सह नॉकआउट टूर्नामेंट 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मैच से शुरू होगा जबकि फाइनल 7 अगस्त को खेला जाएगा। इसमें बारबाडोस, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया और भारत ग्रुप ए में हैं जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ग्रुप बी में हैं।

## लेवर कप टेनिस में एकसाथ नजर आयेंगे फेडरर और नडाल

**लंदन** । स्विटजरलैंड के अनुभवी खिलाड़ी रोजर फेडरर और स्पेन के रफेल नडाल दोनों लेवर कप टेनिस टूर्नामेंट के अगले चरण में युगल मुकाबला खेलते हुए नजर आ सकते हैं। फेडरर घुटने की सर्जरी के बाद से ही पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं, वहीं नडाल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। दोनों ने ही एक संयुक्त बयान में कहा है कि वे लंदन में 23 से 25 सितंबर तक टीम यूरोप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**आईपीएल की नीलामी में इंदौर के आवेश बिके 10 करोड़ में**

# पिता चलाते हैं पान की दुकान, मां बोली मैंने हमेशा खेलने से रोका

**इंदौर।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में पहले ऋष्क्क और उसके बाद ष्ठष्ट का हिस्सा रह चुके इंदौर के युवा तेज गेंदबाज आवेश खान को इस बार लखनऊ टीम ने 10 करो? रुपए में खरीदा है। इसके साथ ही वह IPL इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड (एक भी अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम को पछाड़ा, जो IPL 2021 की नीलामी में ?9.25 करोड़ के साथ सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने थे। आवेश को ढ्ढक्क में पहली बार बेंगलुरु ने 10 लाख रुपए में खरीदा था। वहीं अगले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 75 लाख में खरीदा था। 13 दिसंबर 1996 को इंदौर में जन्मे आवेश ने 14 अप्रैल 2017 को इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से IPL डेब्यू किया। 5 फरवरी 2018 को उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की ओर से लिस्ट-ए क्रिकेट में डेब्यू किया। 2018 से आवेश दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं। आवेश ने दिल्ली कैपिटल्स (DC) की ओर से खेलते हुए 16 मैच में 24 विकेट लिए। 140 की स्पीड से गेंदबाजी करने वाले आवेश का औसत 19 का और स्ट्राइक रेट 15 का रहा था। पिछले सीजन में शानदार गेंदबाजी करने वाले आवेश से इस बार भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।



### बेटे को टेस्ट कैप में देखना चाहते हैं हैं पिता

आवेश के पिता आशिक खान की इंदौर में पान की दुकान है। वे अपने बेटे को टेस्ट मैच खेलते देखना चाहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि नीलामी के बाद आपकी बेटे से बात हुई क्या, तो उन्होंने बताया कि हां उसका फोन आया था, लेकिन मैंने उससे कहा कि बाद में बात करते हैं। क्योंकि आवाज साफ नहीं आ रही थी।

### पिता बोले- बचपन से सिर्फ क्रिकेट की जिद करता था बेटा

आवेश को अब तक टीम इंडिया के लिए कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिल सका है। उन्होंने IPL करियर में कुल 25 मैच खेले हैं, जिसमें 29 विकेट लिए हैं। एडवांस्ड एकेडमी से स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले आवेश ने रेनेसा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट से BCom की डिग्री पूरी की है। उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए टीम इंडिया में बतौर रिजर्व प्लेयर चुना गया था। पिता के मुताबिक आवेश सिर्फ क्रिकेट खेलने की ही जिद करता था। सब काम छोड़कर क्रिकेट पर ही फोकस करता था। करीब 10 घंटे प्रैक्टिस को ही देता था।

### बेटे ने किया नाम रोशन

आवेश की मां ने बताया कि उन्होंने बेटे को हमेशा क्रिकेट खेलने से रोका था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि ये एक दिन देश का नाम रोशन करेगा। टीम में सिलेक्शन हुआ है, तो खुशी मिलती है। बेटे को अच्छा खेलते देखना चाहती हूं।

## शिवम दुबे सुबह पिता बने, दोपहर धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 करोड़ में खरीदा

स्टार भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे के लिए आज का दिन इतना खास रहा है कि वे इसे ताउम्र नहीं भूल पाएंगे। वेलेंटाइन डे सोमवार को है, लेकिन उन्हें एक दिन पहले ही शानदार गिफ्ट मिल गए हैं। 13 फरवरी की सुबह वो पिता बने और दोपहर में उन्हें IPL ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स टीम ने 4 करोड़ रुपए में खरीद लिया। अब वह महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेलते दिखेंगे। IPL-2021 में शिवम राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा थे। वहां उनकी सेलरी 4.40 करोड़ रुपए थी। घरेलू क्रिकेट में 25 साल के शिवम मुंबई के लिए खेलते हैं।

### पिछले साल की थी गर्लफ्रेंड से शादी

शिवम ने पिछले साल मुंबई में अपनी गर्लफ्रेंड अंजुम खान से शादी की थी। रविवार को अंजुम ने बेटे को जन्म दिया है। शिवम ने अपनी पत्नी और बच्चे की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, एक खुशियों का गुच्छा हमारे घर आया है। बेटे के रूप में हमें आशीर्वाद मिला। शिवम के इस फोटो को चेन्नई सुपर किंग्स ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। शिवम 50 लाख रुपए के बेस प्राइस के साथ आज ऑक्शन में आए थे। दुबे इससे पहले RCB और राजस्थान रॉयल्स के लिए IPLK में खेल चुके हैं।

## नीलामी में ये दिग्गज खिलाड़ी रहे अनसोल्ड, नहीं लगाई किसी ने बोली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की दो दिवसीय मेगा नीलामी के दूसरे दिन आज जहां कई युवाओं को अच्छी खासी रकम में खरीदा गया, वहीं कई दिग्गजों को खरीदने में किसी ने भी रुचि नहीं दिखाई। वे अनसोल्ड ही रह गए। सभी फ्रेंचाइजियों को बचे हुए खिलाड़ियों में से 20-20 के नामों की लिस्ट आक्शन कमेटी को देने को कहा गया है। ये वो खिलाड़ी हैं, जिन्हें फ्रेंचाइजी खरीदना चाहती हैं। 20 लाख बेस प्राइस वाले रिकी भुई को खरीदने में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। लियम लिविंगस्टोन काफी महंगे बिके। ओडियन स्मिथ को अच्छी खासी रकम मिली, तो वहीं इशांत शर्मा, इयोन मोर्गन , लुंगी नगीदी, तबरेज शम्सी, अरोन फिंच और कूल्टर नाइल जैसे खिलाड़ी अनसोल्ड रहे। स्पिनर्स के बाद अनकैप्ड बल्लेबाजों की बोली लगी। 20 लाख बेस प्राइस वाले विराट सिंह अनसोल्ड रहे। हिम्मत सिंह अनसोल्ड रहे। 20 लाख बेस प्राइस वाले सचिन बेबी भी अनसोल्ड रहे। इंडिया अंडर-19 के क्रिकेटर 20 लाख बेस प्राइस वाले हरनूर सिंह अनसोल्ड रहे। 20 लाख बेस प्राइस वाले हिमांशु राणा अनसोल्ड रहे। 20 लाख बेस प्राइस वाले रिंकू सिंह को खरीदने कोलकाता और लखनऊ ने दिलचस्पी दिखाई। कोलकाता ने 55 लाख में खरीदा। 50 लाख बेस प्राइस वाले कर्ण शर्मा अनसोल्ड रहे। 50 लाख बेस प्राइस वाले ईश सोढ़ी अनसोल्ड रहे। एक करोड़ बेस प्राइस वाले पीयूष चावला अनसोल्ड। तेज गेंदबाजों के बाद स्पिनर्स की बोली लगी। 50 लाख बेस प्राइस वाले मयंक मारकंडे को खरीदने के लिए लखनऊ, मुंबई और राजस्थान ने दिलचस्पी दिखाई। मुंबई ने 75 लाख में खरीदा। एक करोड़ बेस प्राइस वाले तबरेज शम्सी अनसोल्ड रहे। 50लाख बेस प्राइस वाले कैस अहमद अनसोल्ड रहे।






# रश्मि अगडेकर ने वीडियो के जरिए बयां किया नगमा का किरदार



अभिनेत्री रश्मि अगडेकर ने हाल ही में अपना फोटो शूट करवाया था और उसी दौरान ये शार्ट फिल्म फिल्माया गई थी। इस फिल्म में रश्मि, नगमा के किरदार में नजर आ रही हैं, इस वीडियो में रश्मि एक खूबसूरत एम्ब्रॉइडेड बैंगनी कुर्ती जिसके साथ वे मैचिंग दुपट्टा और चमचमाती फ्लोरल ज्वेलरी पहनी नजर आ रही हैं। वीडियो में रश्मि नगमा नामक एक महिला की कहानी बता रही हैं, जोकि दिल्ली - लाहौर के भूले हुए पकवान, तहजीब, संस्कृति और दो अलग अलग जगहों का एक जैसा संबंध इस वीडियो के जरिये दर्शा रही हैं। दिल को छू लेने वाला संवाद लाहौर की ईद मुझे संवरती है, दिल्ली की लोहड़ी पर झूमता है लाहौर में दो जगहों की कहानी को दर्शाया गया है और वे एक-दूसरे की परंपराओं को कैसे साझा करते हैं इस शार्ट फिल्म के जरिये अवन्ति देवदिकार ने दिखाया है, सनिका देवदिकार का कांसेप्ट है, और जय की आवाज ने इस कहानी को पूरी तरह परिपूर्ण कर दिया। रश्मि अगडेकर ने अपने अभिनय के दम पर अपनी जगह बनाई है। रश्मि अगडेकर ने ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज देव डीडी से अपना वेब डेब्यू किया था और फिल्म अंधाधुन से बॉलीवुड में डेब्यू किया है, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे नहीं देखा। रश्मि ने कई सीरीज में अपनी छाप छोड़ी है रसभरी, इममेचुअर, के अल्हवा उनकी हालही में रिलीज हुई देव डीडी सीजन 2 में लेस्बियन के किरदार से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया है।

## पहली बार खुद से मेकअप करती नजर आई दिशा पाटनी

अगर बॉलीवुड की सबसे बोल्ड और हॉट अभिनेत्री की बात करें तो इस लिस्ट में सबसे पहले नाम दिशा पाटनी का आता है। दिशा पाटनी अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी हॉट और सेक्सी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। जिसको उनके चाहने वाले भी



काफी ज्यादा पसंद करते हैं। अब हाल ही में दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो अपने शूट के लिए खुद ही मेकअप करती हुई दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दिशा पाटनी के बाल उनके आर्टिस्ट बांधते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं अभिनेत्री दिशा खुद ही अपना मेकअप करते हुए नजर आ रही है। अभिनेत्री काफी जल्दी-जल्दी अपना मेकअप करती दिखाई दे रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि, मैंने पहली बार एक ब्रांड के लिए खुद अपना मेकअप किया है। जबकि मेरे हेयर स्टाइल को जोया ने बनाया है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री दिशा पाटनी का ये अंदाज वायरल हो रहा है। जिसमें उनके चाहने वालों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही है। उनके इस वीडियो को अब तक करीब लाखों लोग लाइक और कमेंट कर चुके हैं अगर हम बात करें दिशा पाटनी के काम की तो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में दिखाई देने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई शामिल है। इस फिल्म में दिशा पाटनी सलमान खान के साथ दूसरी बार स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। वहीं इससे पहले उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म भारत में काम किया था। इसके अलावा दिशा पाटनी फिल्म एक विलन रिटर्न फिल्म में भी नजर आने वाली है।

## रुद्राक्ष जायसवाल ने की टीवी शो रुद्रकाल से छोटे पर्दे पर वापसी

रुद्राक्ष जायसवाल एक युवा और उत्साही लड़के हैं, जिन्होंने साल 2013 में स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले मैगनम ओपस महाभारत में सहदेव की भूमिका के साथ अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद, एक किशोर के रूप में, उन्होंने सीरीज और फिल्मों में कई प्रमुख भूमिकाएं निभाई। उदाहरण के तौर पर हाल ही में रीलीज हुई हॉलीवुड फील एक्सट्रेक्शन में उन्होंने एवेंजर्स फेम क्रिस हेम्सवर्थ के साथ काम किया। दर्शकों में एक बार फिर उत्साह बढ़ाते हुए, प्रतिभाशाली अभिनेता रुद्राक्ष अब स्टार प्लस की अपकमिंग सीमित सीरीज ृरुद्रकाल में अंशुमान चित्तौड़ा की भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी बहुआयामी और असाधारण यात्रा को और बड़ा बनाते हुए, रुद्राक्ष ने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। अपनी उपलब्धियों की लंबी सूची के अतिरिक्त वह मल्टीस्टारर फिल्म एक्सट्रैक्शन का भी एक हिस्सा रहे, जिसमें क्रिस हेम्सवर्थ, रणदीप हुड्डा, पंकज त्रिपाठी और अन्य महत्वपूर्ण कलाकार भी शामिल हैं।

# हिना खान ने जिम आउटफिट में करवाया फोटोशूट



हिना खान ने करवाया फोटोशूट फिल्म एक्ट्रेस हिना खान कई टीवी शो में काम कर चुकी है इसके अलावा यह ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी ज़िंदगी की जैसे शो में नजर आ चुकी है। फिल्म एक्ट्रेस हिना खान कई टीवी शो में काम कर चुकी है इसके अलावा यह ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी ज़िंदगी की जैसे शो में नजर आ चुकी है। हिना खान एक स्टाइल आइकॉन के तोर पर भी जनि जाती है हिना खान फिटनेस फ्रिक भी है और जिम में जमकर पसीना भाटी है। हिना खान को जिम आउटफिट में देखा जा सकता है इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही है हिना खान ने ब्लू और वैट कलर की वर्कआउट सेशन ड्रेस पहन राखी है। हिना खान सोशल मिडिया पर काफी एक्टिव है वह अक्सर अपनी फोटोज और वीडियो पोस्ट करती रहती है उनकी इन फोटोज वीडियो काफी पसंद किए जाते है। हिना खान ने अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल को घरवालों से भी मिलवा दिया है इसके चलते दोनों अब कभी भी शादी कर सकते है हिना खान ने कई नए प्रोजेक्ट्स भी साइन किए है।

# अहान की फिल्म 24 सितंबर को होगी रिलीज

बॉलीवुड के अन्ना सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प 24 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को लेकर इंडस्ट्री के सभी बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। 25 साल के अहान शेट्टी ने अपनी स्कूलिंग मुंबई से और आगे की पढ़ाई अमेरिका से पूरी की है। अहान के पापा सुनील शेट्टी को बॉलीवुड में यारों का यार माना जाता है। बॉलीवुड के अन्ना सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प 24 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को लेकर इंडस्ट्री के सभी बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। 25 साल के अहान शेट्टी ने



अपनी स्कूलिंग मुंबई से और आगे की पढ़ाई अमेरिका से पूरी की है। अहान के पापा सुनील शेट्टी को बॉलीवुड में यारों का यार माना जाता है। ठीक अपने पापा की तरह ही अहान की भी जल्दी सबसे दोस्ती हो जाती है। अभिनेता रणबीर कपूर, डिनो मोरिया, अपारशक्ति खुराना और लिएंडर पेस अहान के खास दोस्तों में से हैं। अहान शेट्टी की शक्ल तो अपने पिता से काफी मिलती है वहीं उनके चलने का अंदाज भी काफी सुनील जैसा ही है। बचपन की फोटो में दोनों का अंदाज एक सा दिखता है। अहान शेट्टी एक अच्छे फुटबॉलर भी हैं और स्कूल टाइम में अपनी स्कूल टीम के फुटबॉल कैप्टन रह चुके हैं। वह अक्सर रणबीर कपूर और डिनो मोरिया जैसे दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलते रहते हैं। सुनील शेट्टी को भी खेल कूद का काफी शौक है। अहान शेट्टी को फुटबॉल खेलने की पहली ट्रेनिंग पापा सुनील से ही मिली है।

## कभी नहीं कहा, मैं ए-लिस्टर बनना चाहती हूं : डेलनाज ईरानी

बॉलीवुड अभिनेत्री डेलनाज ईरानी जिन्होंने 'कल हो ना हो', 'दिल ने जिसे अपना कहा' और 'हमको दीवाना कर गए' जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अभिनय के दम पर नाम कमाया है। उनका कहना है उन्होंने कभी प्रतिस्पर्धा का दबाव महसूस नहीं किया। उन्होंने हमेशा अपने काम पर फोकस किया। अभिनेत्री जो अब दो दशकों से बॉलीवुड का हिस्सा है। उनका कहना है, इतने साल काम करने और इंडस्ट्री में रहने के बाद भी हमें कई तरह की असफलताओं का सामना करना पड़ता है। हम बहुत उतार-चढ़ाव से भी गुजरते हैं, लेकिन हम अभी भी यहां हैं, क्योंकि हम अपने काम को लेकर काफी उत्सुक हैं। वहीं, नए कलाकारों को लेकर कहा, पहले थिएटर था और केवल फिल्में बनती थीं। लेकिन अब नए कलाकारों के लिए बहुत सारे विकल्प हैं, जैसे वेब सीरीज और ब्रांड प्रमोशन। हालांकि, वह मानती हैं, यदि आप इंडस्ट्री में बने रहने की सोच रहे हैं तो एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम होना जरूरी है। अच्छे परिवार का समर्थन होना भी बहुत जरूरी है। मैं मुंबई से थी और मेरे पास बहुत मजबूत सपोर्ट सिस्टम था।



# जिनको बचपन से देखा, उनके साथ काम करने का अवसर मिला : प्रणति राय प्रकाश



प्रणति राय प्रकाश ने हाल ही में अब्बास-मस्तान की आगामी वेब सीरीज पेंटहाउस की शूटिंग समाप्त की है। वह कहती हैं कि थ्रिलर श्रृंखला ने उन्हें उन लोगों के साथ काम करने का मौका दिया, जिन्हें वह बचपन से देखा और पसंद किया करती थीं। श्रृंखला में बॉबी देओल और अर्जुन रामपाल, मौनी रॉय, लारिसा बोन्सी और शरमन जोशी भी हैं। उन्होंने कहा, मैंने उनलोगों के साथ काम किया, जिन्हें मैं स्क्रीन पर एक बच्ची के रूप में देखा करती थी। यह आश्चर्यजनक था। हमारे निर्देशक, अब्बास-मस्तान, मेरे सह-कलाकार - हर कोई बहुत विनम्र थे। सभी की एक यूनिक पर्सनैलिटी है। अपनी भूमिका पर, अभिनेत्री ने कहा, वह विद्रोही है, अकेली है। यह मेरे चरित्र के बारे में थोड़ी सी जानकारी है। मैं कुछ अफरा-तफरी का कारण बनूंगी, बस इतना ही कह सकती हूं। प्रणति ने हाल ही में एक गायक-संगीतकार के रूप में अपनी पहले सिंगल तेरा मुस्कुराना के साथ संगीत की दुनिया में कदम रखा, जो 25 फरवरी को रिलीज हुई।

# ब्यूटी टिप्स : सर्दियों में फेस वाश करते समय नहीं करनी चाहिए ये गलतियां



सर्दियों में फेसवॉस करते समय हम कई गलतिया करते है जो हमारे स्किन को काफी नुकसान पहुंचाते है फेस वाश गलत तरीके से करने का तरीका स्किन लेयर्स पर असर डालता है। त्वचा की देखभाल के लिए सही से फेसवॉस उपयोग करना जरूरी है। फेसवॉश चेहरे की सफाई के लिए फायदेमंद होता है। लड़कियां स्किन केयर के लिए फेसवॉश का उपयोग रोजाना करती हैं। ठंड के मौसम में फेसवॉश से भी कई बार स्किन की सफाई ठीक से नहीं होती है। इसकी वजह कई हो सकती हैं। चेहरा धोने का तरीका और गलत फेसवॉश का इस्तेमाल सबसे प्रमुख कारण हैं। सर्दियों में स्किन की चमक बनाए रखने के लिए हम यहां पर कुछ फेसवॉश टिप्स दे रहे हैं।

कई बार फेसवॉश लगाने का तरीका गलत होता है। कुछ लोग फेशवॉश लगाने के बाद चेहरे को रगड़ने लगते हैं। यह तरीका बिल्कुल सही नहीं है। फेसवॉश को चेहरे पर हल्के से लगाना चाहिए। इसके अलावा चेहरे पर फेशवॉश लगाने के बाद कुछ देर के लिए छोड़ देना चाहिए। इससे फेसवॉश का असर ठीक से होता है और स्किन की गहरी सफाई होती है। कई बार हमको लगता है कि फेसवॉश लग गया चेहरे की सफाई हो गयी। जबकि ऐसा नहीं होता है। चेहरे को फेसवॉश से धोने का फायदा आपको तभी मिलता है जब आप ठीक से फेसवॉश को भी चेहरे से साफ करते हैं। अगर ऐसा नहीं करते हैं, तो फेसवॉश के कैमिकल चेहरे की स्किन को डैमेज करने लगते हैं कई बार हम हर महीने एक ही तरह का फेसवॉश उपयोग करते हैं। यह स्किन केयर के लिए खराब होता है। सर्दियों में ऐसे फेसवॉश का उपयोग करना चाहिए जिसमें सैलिसिलिक एसिड और मिल्क का बेस्ड हो। अगर आपकी स्किन ज्यादा सेंसिटिव है तो आपको मेडिकेटेड फेसवॉश का चयन करना चाहिए। सर्दियों में पानी ठंडा रहता है। ऐसे में कई गलतियों की संभावना होती है।

## इस समय भूलकर भी न खाएं दही, बन जाता है जहर..!!

दही सेहत के लिये बेहद फायदेमंद होता है। लेकिन यदि इसे गलत समय पर खाया तो ये जहर बन सकता है। आयुर्वेद पद्धति के मुताबिक दही को रात को खाने से बचना चाहिये। दरअसल रात के वक्त हमारे शरीर में कफ की प्राकृतिक प्रबलता बढ़ जाती है। इसके अलावा रात को दही खाने से पेट की बीमारी होने के भी खतरे रहते हैं। एक्सपर्ट्स की माने तो रात को दही खाने से फूड पॉइजनिंग हो सकती हैं। दरअल रात को दही खाने से पाचन क्रिया में गड़बड़ी पैदा हो जाती है। इसे पचाने के लिए एनर्जी बर्न करने की जरूरत होती है। रात के समय ज्यादातर लोग खाने के बाद सो जाते है। जिससे दिक्कत बढ़ने लगती है।इसके अलावा शरीर में यदि सूजन आदि हो तो, दही खाने से हमेशा बचना चाहिये क्योंकि यह सूजन को और भी ज्यादा बढ़ा देता है। रात के समय दही खाने से शरीर में इंफैक्शन होने का डर रहता है। इससे खांसी और जुखाम हो सकता है।



# धनखड़ के फैसलों से बढ़ेगी भाजपा की मुश्किलें

**सनत जैन**

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और राज्यपाल जगदीप धनखड़ का वर्षों पुराना विवाद अब चरम पर आ गया है। 12 फरवरी को राज्यपाल महोदय ने बिना विधानसभा के प्रस्ताव लिए 6सत्रावसन कर, विधानसभा की अधिकारिक संवैधानिक विवाद में डालने का कार्य किया है। स्वतंत्रता के बाद से परम्परा रही है कि लोकसभा को तथा विधानसभा की सरकार की कार्यकाल अवधि में सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाता है। बंगाल के राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड 2 के उपखंड ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सत्रावसन की अधिसूचना जारी की है। जिसके कारण विधानसभा का सत्र अब बिना राज्यपाल की मंजूरी के नहीं बुलाया जा सकता है। सत्र बुलाने का अधिकार सरकार को होता है। मुख्यमंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सत्र बुलाने के लिए गवर्नर को लिखा जाता है। सत्रावसन की अधिसूचना जारी होने से मुख्यमंत्री को राज्यपाल से सत्र बुलाने की मिन्नत करना पड़ सकती है। माना जा रहा है सत्र के दौरान विधानसभा में राज्यपाल को हटाने का संकल्प सरकार पास कराना चाहती थी। इसी आशंका को देखते हुए राज्यपाल ने ममता बैनर्जी पर दबाब बनाने का काम किया है। बंगाल का बजट सत्र शुरु होने की तैयारियां विधानसभा कर रही थी। बजट सत्र को लेकर अब बंगाल सरकार के सामने नई संवैधानिक चुनौती खड़ी करके राज्यपाल धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को नई चुनौती दी है। इस विवाद में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच सहमति नहीं बनी तो अप्रैल माह से सरकार के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो जाएगी। सरकार को चलाने के लिए आर्थिक संकट का दौर खड़ा होगा। ममता बैनर्जी के बारे में जगजाहिर है, वह समझौता करने के स्थान पर अपनी बात पर अड़ी रहकर आमने-सामने आकर पूरी ताकत से लड़ती है। ममता बैनर्जी की राजनीति में दबाब और समझौते का कोई इतिहास नहीं है। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी से ममता बैनर्जी का टकराव हुआ। कांग्रेस अधिवेशन कोलकाता में चल रहा था। इसी बीच उन्होंने कांग्रेस छोड़कर टीएमसी बनाकर कांग्रेस को चुनौती दी थी। पिछले 22 वर्षों के ममता बैनर्जी के राजनैतिक सफर में उन्होंने अपनी दृण इच्छाशक्ति के साथ राजनीति अपनी शर्तों के साथ की है। राज्यपाल धनखड़ ने सत्रावसन की अधिसूचना जारी कर लड़ाई को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया है। इस लड़ाई में किसके पक्ष में ऊंट बैठेगा? हाल ही में प.बंगाल के विधानसभा चुनाव हुए हैं। जिसमें टीएमसी को चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिली है। ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार, हाईकोर्ट एवं सुप्रीमकोर्ट राज्यपाल के इस निर्णय से सहमत होंगी, यह संभव नहीं दिखता है। किसान आंदोलन, प. बंगाल के विधानसभा चुनाव के बाद 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा और केन्द्र सरकार को जिस तरह की चुनौतियां मिल रहीं है। उसको देखते हुए यहीं कहा जा सकता है। कि राज्यपाल महोदय ने गलत समय में गलत निर्णय लेकर एक नया राजनैतिक एवं संवैधानिक विवाद पैदा किया है। इसकी परिणिति किस रुप में सामने आएगी अभी कह पाना मुश्किल है।

# प्राकृतिक आपदाओं की भेंट चढ़ते जवान

**प्रभुनाथ शुक्ल**

अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से सेना के सात जवान शहीद हो गए। जवानों की शहादत उस स्थान पर हुई जहां हमारे देश की सीमा चीन से लगती है। प्राकृतिक आपदाओं में सेना के जवानों की शहादत हमारे लिए बड़ा सवाल है। गृह और रक्षा मंत्रालय को एक साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं में जवानों की शहादत को रोकना चाहिए। भू और मौसम वैज्ञानिकों के साथ सेना की तकनीकी विभाग को मिलकर इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए रणनीति बनानी चाहिए। क्योंकि बर्फ़ीले तूफान की भेंट चढ़ कर अब तक एक हजार से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं। .मौसम की गड़बड़ी की वजह से सेना के जवानों को एयरलिफ्ट नहीं किया जा सका। भारी हिमस्खलन होने से सभी सात जवान शहीद हो गए। एवलॉन्च और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नयी नहीं है। हमारे जवान दुर्गम पहड़ी इलाकों में हजारों फीट की ऊचाई पर देश की रक्षा करते हैं। सेना की शहादत और पराक्रम को भूनाने वाली सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पूरा देश भारतीय जवानों पर गर्व करता। हम बर्फ़ीली ठंड में जब कमरों में वार्मर लगा कर राजाई में गहरी नींद लेते हैं तो हमारा जवान एवलांच और

हिमस्खलन जैसी प्रकृतिक आपदा में शहीद होता है।अनावश्यक किसी जवान की शहादत राष्ट्र को भारी क्षति पहुंचाती है। शहादत कि कीमत आम भारतीय परिवार किस तरह चुकाता है इसकी पीड़ा कोई उसी से पूछे जिनके सपने और उम्मीदें लुट जाती हैं।

%ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी..%स्वर कोकिला लता जी अब हमारे बीच नहीं रहीं। यह अमर गीत लिखने वाले कवि प्रदीप भी नहीं हैं, लेकिन लता और प्रदीप जी अमर हो गए। इस गीत को सुनकर हर भारतीय के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। शहीदों के सम्मान में आँसू निकल आते हैं। सीना गर्व से फूल उठता है। उसके अंदर एक सैनिक का जज्बा जाग उठता है। लेकिन सेना के लिए हमारी चिंता कितनी है सवाल इस बात का भी है।

आपको याद होगा 2017 में श्रीनगर के गुरेज सेक्टर में एवलांच यानी बर्फीले तूफान में 15 जवानों की मौत ने देश को हिलाकर रख दिया। एवलांच मौत की सुनामी बन कर आया था। हमने अपने जाबाज जवानों को बेमतलब खो दिया था। जवान दुश्मन के खिलाफ जंग लड़ते नहीं प्राकृतिक कहर में मारे गए। वह भी जिस चौकी पर जवान शहीद हुए वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। कुछ ऐसा ही अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से हुआ।

हमारे सैनिक प्राकृतिक आपदा का शिकार क्यों होते हैं।क्या हमारे पड़ोसी मुल्क चीन, अमेरिका और रूस के जवान भी बर्फीली सीमा पर इस तरह शहीद होते हैं। अगर नहीं तो हमने क्या इस बारे में कभी सोचा? जवानों की सुरक्षा के लिए हमने कोई तंत्र अब तक क्यों नहीं विकसित किया? सिर्फ जवानों की शहादत पर घड़ियाली आंसू बहाने से क्या हम जिम्मेदारियों से बच सकते हैं। सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

फरवरी 2016 में भी हमारे 10 जवान इसी तरह शहीद हुए थे, जिसमें मेजर हनुमनथप्पा भी शामिल थे, जिन्हें कई दिन बाद बर्फ से बाहर निकाला गया, लेकिन हम उन्हें बचा नहीं पाए। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में एवलांच यानी बर्फीला तूफान और हिमस्खलन ठंड के मौसम में समान्य घटना है। हजारों फीट ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं पर बर्फीले तूफान की वजह से मोटी परत जम जाती है। अधिक दबाब की वजह से जब यह नीचे आती है तो इसे एवलांच कहा जाता है। इसकी गति सीमा 100 से 150 किमी प्रतिघंटा की होती है, जिसकी हम कल्पना तक नहीं कर सकते। हिमालयी इलाकों में सीमा की सुरक्षा बेहद खतरनाक है। जवानों का एक-एक कदम जोखिम भरा होता है। यंत्रों के माध्यम से जांच परख के बाद वह अपना कदम बढ़ाते हैं। एक-दूसरे के साथ रस्सियों के सहारे आपस में बंधे



होते हैं। ऑक्सीजन कम होने से सांस लेना भी मुश्किल होता है। बर्फीली गर्तो में समाने का डर हमेशा बना रहता है। वहां तापमान माइनस से कई डिग्री नीचे रहता है।

सफेद बर्फ पर जब सूरज की रौशनी पड़ती है तो उससे आंखों की रौशनी जाने का भी खतरा बना रहता है। इसीलिए जवान विशेष प्रकार का चश्मा पहनते हैं। एवलांच और हिमस्खलन से जवानों को कैसे सुरक्षित रखा जाए अभी तक इसकी तकनीक विकसित नहीं हो पाई है। यह हमारे सिस्टम की सबसे बड़ी नाकामी है। इस पर कभी विचार नहीं किया गया कि एवलांच जैसे बर्फीले तूफान से सीमा पर तैनात जवानों को कैसे बचाया जाए।

हम मंगल ग्रह पर सिर्फ तीन साल में उपग्रह भेज कर अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद कर सकते हैं। मिसाइल तकनीक में दुनिया में भारत का लोहा मनवा सकते हैं, लेकिन जवानों की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक कसौटी पर खरा सुरक्षा कवच नहीं तैयार कर सकते। आखिर क्यों? डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन यानी डीआरडीओ ने 2004 में (डब्लूपीएमएस) नामक सिस्टम विकसित करने की प्लानिंग बनाई थी। जिसे वैरियबल साइकोलॉजिकल मॉनिटरिंग सिस्टम का नाम दिया था। संक्षिप्त में उसे स्मार्ट वेस्ट भी कहा गया। इस तकनीक के माध्यम से बर्फीली सीमा पर तैनात जवानों को एक सेंसर लगी जैकेट दी जाती। उस सेंसर के जरिए जवानों की पूरी लोकेशन और स्वास्थ्य की जानकारी कमांडिंग कंट्रोल कैंप को मिलती रहती। संयोग से अगर जवानों की टीम हिमस्खलन या बर्फीले तूफान में फंस गयी तो सेंसर के जरिए वह जानकारी बेसकैंप तक पहुंच जाती, जिससे पूरी यूनिट सतर्क हो जाती और फंसे जवान को सुरक्षित निकालने का प्रसास किया जाता। लेकिन अभी तक यह सुविधा सेना को उपलब्ध हुई या नहीं यह हम नहीं कह सकते। वैसे वर्तमान सरकार सेना के तकनीकी विकास, सुरक्षा और उनकी सुविधाओं को लेकर अधिक संवेदनशील है, लेकिन सेना प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए बहुत कुछ करना है। सेना के संपूर्ण विकास और उसकी सुरक्षा के लिए अलग से रणनीति बननी चाहिए। रक्षा और गृहमंत्रालय को इस पर त्वरित नीतिगत फैसले की जरूरत है।भारतीय सेना प्राकृतिक विषमताओं वाले दुर्गम इलाकों में काम करती है, जिससे उसके स्वास्थ्य और सुरक्षा का मसला हमेशा खड़ा रहता है। सेना के लिए एक खास वैज्ञानिक और तकनीकी यूनिट का विकास होना चाहिए, जिसका काम सिर्फ सेना की सुरक्षा और उसकी तकनीकी सुविधाओं का ख्याल रखे। क्योंकि हमारी सेना हमारी शान और राष्ट्ररक्षा में उसके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है।

## भक्तों की सहायता करते हैं ईश्वर

ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढ़े में गिर गये। गड्ढ़े से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढ़े से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छ- सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया। राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये। नई बने भगवान की सेवा से राजा का क्रोध दूर हो गया और मन हर्षित हो गया। सत्संग समाप्त होने के बाद सेन नाई को याद आया कि राजा की सेवा में देरी हो गयी है। हजामत का सामान लेकर डरता हुआ सेन नाई राजमहल में पहुंचा। राजा को देर से आने का कारण बताने लगा। इस पर राजा ने कहा कि तुम तो मेरी हजामत बना चुके हो। आज तुम्हारी सेवा से मैं अत्यंत प्रसन्न हूं।

# कहो तो कह दूँ : सूरज तो नकली बन गया, चाँद अब तुम अपनी खैर मनाओ

**चैतन्य भट्ट**

अभी तक तो अपन ने नकली दाल, नकली मसाले, नकली पनीर, नकली दूध, नकली खोबा, नकली दवाइयां, नकली इंजेक्शन, नकली खाद, के बारे में सुना था और देखा भी था लेकिन ये ब्रिटेन के अंग्रेज तो अपने से भी बड़े निकले, सारी चीजे छोड़कर एक नकली ÷सूरज÷ ही बना डाला द्य सुना है ब्रिटैन के वैज्ञानिकों ने नकली सूरज बनाने में सफलता पा ली है परमाणु संयलन को अंजाम देने वाले एक रियक्टर बना लिया है जिसमें अपार ऊर्जा निकलती है और इसे नकली सूरज बताया जा रहा है द्य अभी तक तो भारतीय लोग नकली चीजे बनाने में अपने आप को ÷मास्टर माइंड÷ मानते थे दिल्ली में हर उस कंपनी का डुप्लीकेट माल मिल जाएगा जो आप चाहते हो इसलिए कोई सामान लगवाने कहीं जाओ तो वो पूछता है कंपनी का माल लगाऊं या दिल्ली वाला, आदमी फट से कह देता है दिल्ली वाला लगा दो, वो सस्ता मिलता है लेकिन इन गोरे अंग्रेजों को तो देखो, किसी ने सोचा भी नहीं होगा कभी सूरज भी नकली बन सकता है लेकिन इन्होने बना लियाद्य लोग बाग़ पूछ रहे है की ये कब से नकली माल बनाने लगे तो इन्हें क्या मालूम नहीं है कि वे बरसों इसी भारत में रहे है तो संगत का असर तो आएगा न, सो अपने लोगों का असर उन पर भी आ गया वे अपने देश जरूर चले गए लेकिन नकली सामान बनाने की जो ट्रेनिंग लेकर यंहा से गए थे उसका प्रयोग वे लगातार करते रहे और आज देखो उन लोगों ने नकली सूरज बना डाला, अब अपने को चिंता हो रही है बेचारे चाँद की इनका क्या होगा, सूरज को तो बेहद उग्र माना जाता है लेकिन अपना चाँद तो शांत, उदास, सीधा साधा माना जाता है खूबसूरती में उसकी जरूर तुलना की जाती हैद्य महबूब अपनी महबूबा को चाँद की उपमा देता है और कहता है ÷चाँद सी महबूबा हो मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था आ तुम बिलकुल वैसी हो जैसा मैंने सोचा था÷ द्य एक ने तो प्रेमिका की तुलना चौहदवीं के चाँद से कर दी थी लेकिन अब लगता है ये ब्रिटेन वाले नकली चाँद भी



बनाकर ही छोड़ेंगे अपनी चाँद को एक ही सलाह है की भैया तुम अपनी खैर मनाओ जो अंग्रेज सूरज नकली बना सकते है उनके सामने तुम कौन से बड़ी चीज हो

### अफसर हो तो ऐसी

राजस्थान के जयपुर में राजस्थान प्रशासनिक सेवा की एक महिला अधिकारी ममता यादव को ऐंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया अभी तक तो ये होता था कि कोई रिश्वत लेते पकड़ा जाता था तो रोने लगता था छोड़ने की मिन्नतें करने लगता था लेकिन मान गए उस महिला अफसर को, पकड़ने वाली पार्टी के सामने हँसते हँसते कहा आप लोग भी बेवजह परेशान हो रहे हैं अरे भाई कोई खुश होकर पैसा प्रसाद के रूप में देता है तो कैसे मना कर सकते हैं ये तो प्रसाद है और प्रसाद को ठुकराना ठीक बात नहीं हैं द्य मानते है अपन उस महिला अफसर की दिलेरी को और एक हिसाब से वो ठीक ही कह रही है, कोई किसी को पैसा दे रहा है तो कौन है जो लेने से इनकार कर दे और फिर सरकारी अफसरों का तो हक़ बनता है लोगो से पैसा लेने का द्य काम करवाना है तो पैसा तो लगेगा न फ्री में कोई काम होता है क्या, और फिर जब उस पद को पाने केलिए लम्बा चौड़ा माल लगेगा तो फिर उसकी वसूली भी तो जरूरी होगी और वो ही तो वी महिला अफसर कर रही थी द्य लोग बाग़ भले ही उसे कुछ कहें लेकिन अपन तो कायल हैं अफसर हो तो ऐसी वरना बड़े बड़े रिश्वतखोर जब पकडे जाते हैं तो उनकी सिटी पिट्टी गुम हो जाती है मुंह छिपाकर बैठ जाते हैं रूमाल से चेहरा ढक लेते है लेकिन धन्य है वो अफसर ना तो मुंह छिपाया न घबराई छाती ठोंक कर कहा कि जो प्रेम से देने आएगा तो लेना ही पड़ेगाद्य अपने मध्य प्रदेश के वन मंत्री हैं शाह साहेब, राजघराने के आदमी है तो उसी तरह की उनके कार्यकलाप भी रहते हैं उनके डिपार्टमेंट की एक सफ़ेद एम्बेसेडर कार थी सफेद रंग की, उस कार पर मंत्री जी ने ÷आसमानी कलर÷ का करवा लिया हल्ला मचा कि कार का कलर बिना आरटीओ की अनुमति के बदला नहीं जा सकता।

# संसदीय गरिमा पर सवाल?

**सूडोकु नवताल- 5983** ★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5982 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**ओमप्रकाश मेहता**

**अभिभाषण के जवाब में पार्टी प्रचार कहाँ तक उचित?**

देश के प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव इतने हावी हो गए है कि वे संसदीय मर्यादा को भी विस्मृत कर रहे है, इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा संसद में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर दिया गया जवाब है, जिसमें अभिभाषण के मुद्दों पर तथा सरकार की कथित उपलब्धियों पर चर्चा करने के स्थान पर अपनी पार्टी के चुनाव प्रचार और प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस को कोसने का गैर संसदीय कृत्य किया गया। प्रधानमंत्री जी ने कांग्रेस को जिन शब्दों में कोसा वे भी ससंदीय मर्यादा व प्रधानमंत्री जी के पद के अनुकूल नहीं थे, अब इसे क्या कहा जाए? प्रधानमंत्री जी की भावी जीत के प्रति व्यग्रता इतनी अधिक बढ़ गई है कि उन्हें अपने पद की मर्यादा का भी ख्याल नहीं रहता, पार्टी ने चूंकि पूरे देश में भाजपा को 'चक्रवर्ती सम्राट' बनाने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री को सौंपी है, इसलिए शायद वे अपनी व पद की मर्यादा भूल कर पार्टी प्रचार में जुटे है। संसद में अभिभाषण के जवाब में उनके विचार इसी भावना को मूर्तरूप प्रदान कर रहे है। इससे पहले संसद के दोनों सदनों में कभी भी पार्टी प्रचार के दृष्य नहीं देखे गए, संसद में चर्चा सरकार व उसके कार्यों पर ही सीमित रहती थी, किंतु अब प्रधानमंत्री जी ने एक नई परम्परा को जन्म दे दिया है। ....और पार्टी प्रचार व जीत के प्रयासों में वह सब किया जा रहा है, जो



राजनीतिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है।

यहीं नहीं अब तो भाजपा के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा बयान भी कुछ अजीब ही दिये जा रहे है, उदाहरण स्वरूप पार्टी के महासचिव व मध्यप्रदेश के संगठन प्रभारी मुरलीधर राज का यह कहना कि भाजपा के वोट शेयर का लक्ष्य अब पचास फीसदी से अधिक करने का है जिससे कि अगले पच्चीस साल तक देश पर राज करने में कोई परेशानी पैदा नही हो, साथ ही अपने इसी तर्क के विरोध में स्वयं ही यह भी कहते नजर आ रहे है कि लगातार सत्ता में रहने से सोच स्थिर हो जाती है आखिर इस तरह की अन्तर्विरोधी बयानबाजी पार्टी का कौन सा लक्ष्य साधती है?

इस सबसे अलग हटकर भी यदि मौजूदा राजनीतिक हालातों पर गौर किया जाए तो भाजपा व उनकी केन्द्र व राज्य सरकारों की अल्प संख्यक मुस्लिमों के प्रति बढ़ती ज्यादतियां है, ताजा उदाहरण कर्नाटक से शुरू हुआ शिक्षण संस्थाओं में हिजाब (बुरका) का विरोध है, वहां स्कूल-कॉलेजों की छात्राओं से कहा जा रहा है कि चूंकि हिजाब (बुरका) शिक्षण संस्थान की निर्धारित पौषाक का अंग नहीं है, इसलिए हिजाब डालकर शिक्षण संस्था में आना गैरकानूनी है, वहां इसी मुद्दें पर हिंसक वारदातें भी हो रही है, हिजाब का विरोध करने वाले युवा छात्र अपने गले में केशरियां दुपट्टा डाले हुए थे, जो वह भी निर्धारित पौषाक का अंग नहीं है, इन केशरियां दुपट्टा छात्रों को भाजपा समर्थित बताया जा रहा है। यह एक नया विवाद है जो कर्नाटक् के बाद अब देश के अन्य भाजपाशासित राज्यों में भी फैल रहा है, यही नहीं चुनावी राज्यों (खासकर उत्तरप्रदेश) में भी इसकी भनक सुनाई पड़ने लगी है, यदि इसे शीघ्र रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो देश में साम्प्रदायिक दुर्भावनाओं के विस्तार की संभावनाएं बढ़ सकती है। वैसे जहां तक साम्प्रदायिक दंगों का सवाल है, प्रधानमंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी चाहे यह कहें कि देश में पिछले सालों में एक भी साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ, जबकि स्वयं गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में लिखित रूप से स्वीकार किया कि 2018 से 2020 की अवधि के दौरान देश में 1807 साम्प्रदायिक दंगें हुए, अकेले बिहार में तीन साल में 2777 दंगाईयों की गिरफ्तारियां हुई है। जबकि महाराष्ट्र में तीन साल में 167 मामले दर्ज किए गए। इस प्रकार इस देश में साम्प्रदायिकता का जहर अभी भी व्याप्त है। इस प्रकार कुल मिलाकर देश का राजनीतिक माहौल कुछ अजीब ही शक्ल लेता जा रहा है, देश का सत्तारूढ़ दल सभी काम छोड़कर केवल विस्तारवादी विचारधारा से जुड़ गया है।

## "बेटा, तू डरे मत, मैं हूँ"


**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

मौत के मुंह में फंसे लोगों की जान बचाने के किस्से अक्सर सुनने में आते रहते हैं। कुएं में गिरे हुए बच्चों को बाहर निकाल लाने, धंसे हुए मकानों में से लोगों को बाहर खींच लाने, डूबते हुए बच्चों को बचा लाने आदि की खबरें हम पढ़ते ही रहते हैं। हमारे देश में ऐसे बहादुर लोगों की कोई कमी नहीं है लेकिन भोपाल का यह किस्सा तो रोंगटे खड़े कर देनेवाला है। पुराने भोपाल में रेल की पटरियां कुछ ऐसी बनी हुई हैं कि उन्हें पैदल पार किए बिना आप एक तरफ से दूसरी तरफ जा ही नहीं सकते। न तो वहां कोई भूमिगत रास्ते हैं और न ही पटरियों के ऊपर पुल बने हुए हैं। ऐसी ही पटरी पार करके स्नेहा गौड़ नामक एक 24 साल की लड़की दूसरी तरफ जाने की कोशिश कर रही थी। उस समय पटरी पर 24 डिब्बोंवाली मालगाड़ी खड़ी हुई थी। जैसे ही स्नेहा ने दो डिब्बों के बीच की खाली जगह में पांव धरे, मालगाड़ी अचानक चल पड़ी। वह वहीं गिर गई। उसे गिरता हुआ देखकर एक 37 वर्षीय अनजान आदमी भी कूदकर उस पटरी पर लेट गया। उसका नाम है- मोहम्मद महबूब! महबूब ने उस लड़की का सिर अपने हाथ से दबाए रखा ताकि वह उठने की कोशिश न करे। यदि उसका सिर जरा भी ऊंचा हो जाता तो रेल के डिब्बे से वह पिस जाता। स्नेहा का भाई पटरी के दूसरी तरफ खड़ा-खड़ा चिल्ला रहा था। उसके होश उड़े हुए थे। उसे स्नेहा शांत करना चाहती थी लेकिन वह खुद गड़बड़ न कर बैठे, इसलिए महबूब बार-बार उसे कह रहा था- ''बेटा, तू डरे मत, मैं हूँ।'' रेल निकल गई और दोनों बच गए। जब स्नेहा और उसके भाई ने यह किस्सा घर जाकर अपनी मां को बताया तो वह इसे कोई मनगढ़त कहानी समझने लगी। स्नेहा के भाई ने अपनी मां को वह फोटो दिखाया, जो उसने अपने मोबाइल से खींचा था। उस फोटो में स्नेहा के सिर को अपने हाथ से दबाते हुए महबूब दिखाई पड़ रहा है। मोहम्मद महबूब ने अपनी जान पर खेलकर एक बेटी की जान बचाई। उसे कितना ही बड़ा पुरस्कार दिया जाए, कम है। मैं तो मप्र के मुख्यमंत्री भाई शिवराज चौहान से कहूंगा कि महबूब का नागरिक सम्मान किया जाना चाहिए। महबूब एक गरीब बढ़ई है। उसके पास मोबाइल फोन तक नहीं है। वह एक सात-सदस्यीय परिवार का बोझ ढोता रहता है। स्नेहा की रक्षा का यह किस्सा रेल मंत्रालय को भी सावधान कर रहा है। उसे चाहिए कि भोपाल जंक्शन से डेढ़ किमी दूर स्थित इस एशबाग नामक स्थान पर वह तुरंत एक पुल बनवाए। इस स्थान पर पिछले साल इसी तरह 18 मौतें हुई हैं। यदि रेल मंत्रालय इस मामले में कुछ ढिलाई दिखा रहा है तो मप्र की सरकार क्या कर रही है?

# देशभर के जैन श्रद्धालुओं के बीच मनाया आर्षमती माता का दीक्षा दिवस



**अंबाह।** आचार्य ज्ञानसागर की अंतिम शिष्या गणिनी प्रमुख आर्यिका आर्षमती माता जी के दीक्षा जयंती के अवसर पर परेड चौराहे के जैन मंदिर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। सभा में सर्वप्रथम मंगलाचरण संघस्थ ब्रह्मचारिणी कंचन बहन के द्वारा किया गया। संघस्थ सभी आर्यिकाओं ने पूज्य माताजी के प्रति अपनी विनयांजलि अर्पित की। इस मौके पूर्व पार्षद अरुण जैन ने कहा कि गणिनी प्रमुख आर्षमती माता जी आर्यिका परंपरा की सिरमौर है, अपने ज्ञान, तपस्या के माध्यम से वह संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन कर रही हैं। देखा जाए तो सत्यम-शिवम-सुंदरम का दूसरा नाम आर्षमती माताजी है। पूज्य माताजी एक ऐसा उजाला है जो अपनी धर्म प्रभावना के जरिए देश के कोने-कोने में उजाला भर रही हैं। इस मौके पर गणिनी प्रमुख श्री आर्षमती माताजी ने सभी के लिए अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि जीवन में संयम ही सबसे अमूल्य निधि है। संयमरूपी रत्न को पाकर ही हम इस संसार से पार होकर शाश्वत सुख प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों द्वारा माता जी को जिनवाणी भेंट की गई। इस मौके पर श्रीमती ऊषा जैन भंडारी ने कहा कि दीक्षा जीवन का सौभाग्य है। पूज्य माताजी का दीक्षा दिवस भी हमें सन्मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा देता है। श्रीमती भंडारी ने कहा कि आँख तीन प्रकार की होती है चमड़े की, बुद्धि की, हृदय की। चमड़ी की आंख जब खुलती है तब उठना कहते हैं, बुद्धि की आंख खुलती है तब समझना कहते हैं और जब हृदय की आंख खुलती है तब जगना कहते हैं। इसी प्रकार दीक्षा एक तरह से जगना है, दीक्षा व्रतों का संग्रह है, दीक्षा अनंत की यात्रा है, अध्यात्म साधना का पथ है। यह एक पवित्र संस्कार है और जीवन की विशेष उपलब्धि है। श्रीमती भंडारी ने कहा कि दीक्षा मृत्यु सेअमरत्व की तक की यात्रा है। हर संप्रदाय में दीक्षा का महत्व है उसमें भी जैन धर्म के दिगंबर पंथ में दीक्षित होना विशेष सौभाग्य की बात है। अन्य वक्ताओं ने भी इस अवसर पर दीक्षा के महत्व को दर्शाते हुए अपने विचार प्रकट किए। आभार प्रदर्शन कुलदीप जैन द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रशस्ति पत्र वाचन जिनेश जैन व्दारा किया गया। आयोजन में जिनेश जैन, अशोक जैन एडवोकेट, राकेश जैन भण्डारी, उमेश जैन, अरुण जैन पार्षद, बिल्लू जैन, नरेश जैन गुरु, विमल जैन राजू, कुलदीप जैन, रोमिल जैन, ओपी जैन, मनोज जैन, शैलेश जैन, राहुल जैन, कपिल जैन, आशू जैन, लवली जैन, सोनू जैन पेठा, दिलीप जैन, चीकू जैन, राजुल जैन सहित मुरैना के अभिषेक जैन टीटू, मनोज नायक, दिनेश चंद्र जैन, अतुल जैन, संजू जैन, सौरभ जैन, सुरेश चंद जैन बाबूजी, सोनू जैन वरहाना वाले, आशीष जैन सोनू, कीर्तिराज जैन, कुशाल जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।




## अंतर्जातीय विवाह रोकने के लिए महासभा ने कराया ऑनलाइन परिचय सम्मेलन: मीना

**मुरैना।** अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा द्वारा 13 फरवरी रविवार को समाज के एंड्रॉयड ऐप के माध्यम से ऑनलाइन परिचय सम्मेलन कराया गया, जिसमें सर्वप्रथम महाराजा महासेन जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई। महामंत्री श्रीमती मीना गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन परिचय सम्मेलन में लश्कर, ग्वालियर, मुरार, डबरा, नरवर, बानमौर, नूराबाद, मुरैना, अंबाह, पोरसा, गोहद, मेंहगांव, आगरा, झांसी, एतमादपुर, अजमेर, बड़ौदा, गुना, शिवपुरी, बेंगलुरु, पुणे, मुंबई, इंदौर, भोपाल, गुड़गांव, नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, पटियाला, लखनऊ, कानपुर, देहरादून तथा विदेश में रहने वाले समाज बंधु जुड़े एवं अविवाहित बच्चों का परिचय कराया गया। परिचय सम्मेलन के द्वारा कई समाज बंधुओं ने अपने-अपने विचार रखें, जिसमें ऑनलाइन परिचय सम्मेलन कराने की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से होने वाले व्यय की बचत की जा सकेगी। परिचय सम्मेलन के प्रभारी आकाश चांदिल थे, मंच का संचालन महामंत्री श्रीमती मीना गुप्ता ने किया। ऑनलाइन परिचय सम्मेलन कराने की भूमिका बनाने एवं तैयारी करके आने वाले प्रतिभागियों के बायोडाटा बनाने एवं प्रचार प्रसार करने में मीडिया प्रभारी संजय गोयल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाशचंद मांडिल ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनको जल्द से जल्द अच्छा जीवन साथी मिले। उन्होंने समय-समय पर समाज बंधुओं से जो सहयोग दान के रुप में मिला है, उसके लिए उनका आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में जो योजना बाकी है।

# कपट रूपी बच्चा, सर और घमंड रूपी बकासुर का भगवान कृष्ण ने किया उद्धार: आचार्यश्री गोवर्धनेश




**मुरैना।** पुष्टि माधुरी महोत्सव के छठवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के साथ-साथ राक्षसों के उधार की लीलाओं का वर्णन किया गया तो वही देवराज इंद्र के मान भंग और गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। गोस्वामी आचार्य श्रीगोवर्धनजी ने श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे व छठवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए बताया कि नंदराय जिले प्रभु की इच्छा के अनुसार गोकुल त्यागकर नंद गांव आए ताकि वहां से प्रभु अपनी लीलाओं को पूरा करें और सांसारिक जीवों का उद्धार करें। इसी क्रम में प्रभु ने बच्चा सर का उद्धार किया जो कि कपाट का पर्याय था, उसके बाद बकासुर का वध किया जो घमंड का पर्याय है। यह सब प्रभु की शरण में आए, चाहे उनका मार्ग भले ही अन्याय और अत्याचार से ग्रसित रहा इसीलिए प्रभु ने उन्हें अपनी शरण में ले कर और उनका उद्धार किया। बाल लीलाओं का वर्णन में यमुना पर भगवान कृष्ण शाखाओं के साथ जब खेलने जाते हैं तभी कालिया नाग का दमन करते हैं। यह कालिया नाग विषय शक्ति का स्वरूप है और यमुना जल भक्ति का स्वरूप। भगवान के जो भी राक्षस सामने आए सब का वध किया लेकिन कालिया नाग का इसलिए नहीं किया क्योंकि विषय शक्ति को समाप्त नहीं किया जा सकता। यह सृष्टि का एक अंग है। इस तरह ब्रज में रहने वाले अनेक राक्षसों का उद्धार किया और गोवर्धन पूजा के लिए ब्रज वासियों को प्रेरित किया तो यह बात देवराज को हजम नहीं हुई और उन्होंने ब्रज पर अपना कोप करना शुरू कर दिया। भगवान ने ब्रज की रक्षा करते हुए इंद्र का मान भंग किया और उसे अपनी शरणागति लिया। आचार्य गोवर्धनेश ने बताया कि किसी भी देव की पूजा परंपरागत नहीं होनी चाहिए बल्कि शास्त्र संगत होनी चाहिए। परंपरागत पूजा का खंडन करते हुए भगवान ने गोवर्धन पूजा कर शास्त्र संगत पूजा का क्रम शुरू किया और तभी से गिरिराज पर्वत की पूजा होना शुरू हुई। यही नहीं आज की कथा में गोपी और कृष्ण के प्रेम का पर्याय रास की कथा भी सुनाई और गोपी गीत का वर्णन भी विस्तार से कथा व्यास आचार्य को स्वामी श्री गोवर्धनेश ने अपनी सुमधुर वाणी से किया। श्रीमद्भागवत में चार गीत आते हैं उनमें से एक गीत गोपी गीत है, जो भगवान श्री कृष्ण और गोपियों के प्रेम का वर्णन करता है।

## शिवहरे कॉलोनी में जलभराव से त्रस्त हैं नागरिक



**अम्बाह।** नगर के प्रमुख रिहायशी क्षेत्र शिवहरे कॉलोनी के प्रवेश से लेकर अंदर तक विभिन्न गलियों में जलभराव की समस्या भीषण रूप लेती जा रही है। इस कारण इस कॉलोनी में आवागमन में निवासियों को और बाहर से आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कॉलोनी में स्थित शैक्षणिक संस्थान मैं आने-जाने वाले विद्यार्थी भी परेशानी का सामना कर रही हैं। कई बार तो विद्यार्थियों की कॉपी किताब और बैग इस जलभराव में गिरने के कारण बेकार हो जाते हैं। कॉलोनी निवासियों का कहना है कि उनके द्वारा नगर पालिका में इसके स्थाई समाधान के लिए अनेकां बार निवेदन कर चुके हैं लेकिन बहुत शिकायत करने पर केवल जल निकासी कर दी जाती है और आए दिन समस्या जस की तस बनी रहती है। अब यहां के निवासी इस समस्या से बहुत परेशान हो चुके हैं और स्थाई समाधान के लिए अधिकारियों पर लगातार दबाव बना रहे हैं। उसके बावजूद भी सुनवाई नहीं की जा रही है।




## विवेकानंद युवा मंडल ने आयोजित किया फिट इंडिया प्रशिक्षण शिविर



**मुरैना।** विवेकानंद युवा मंडल बाल गृह में नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से युवाओं की सकारात्मक जीवन शैली पर फिट इंडिया प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आलोक सिंह राजावत अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र दंडोतिया, दिनेश कुलश्रेष्ठ रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश तोमर डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र मुरैना द्वारा की गई।

श्री राजावत ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करने की सलाह दी, जिससे वह राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकें तथा युवाओं को संदेश दिया, कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो। नेहरू युवा केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर श्री तोमर ने युवाओं को बताया कि योग एवं व्यायाम करने से मन एवं शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। युवाओं को नकारात्मक नहीं सोचना चाहिए, सकारात्मक सोच होने से सफलता आपके कदम चूमेगी, डर के आगे जीत है। संस्था अध्यक्ष बिशन सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने को कहा जिससे स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं द्वारा युवाओं को विकास हेतु अनेक बिंदुओं पर विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में वैष्णवी तोमर द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## किसानों को दुगनी जमीन के बदले 2 गुना मुआवजा का मामला त्रुटिपूर्ण, सीएम को दिए सुझाव



**मुरैना।** ऑल इंडिया किसान सभा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देते हुए कहा कि चंबल क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दे अटल प्रोग्रेस वे के लिए की जा रही जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही और किसानों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जमीन अधिग्रहण के मामले में किसान जो दुगनी जमीन नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें दुगना मुआवजा दिए जाने की घोषणा की है, वह भी अपूर्ण है, इसे युक्तिसंगत बनाने के लिए किसान सभा ने अपने सुझाव दिए हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त सचिव बादल सरोज ने अपने सुझाव में कहा है कि अटल एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित होने वाली जमीन पर लगभग 30 हजार किसान परिवार पीढियों से काबीज होकर काश्तकारी कर रहे हैं, जिनके पास ना तो पट्टा है और ना ही भूमि स्वामी के स्वत्व का कोई रिकॉर्ड है, यहां तक कि इन किसानों का कब्जा भी इंद्राज नहीं किया गया है। परियोजना में यह परिवार भी विस्थापित हो रहे हैं, यह तय है कि इनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। अतः किसानों का सर्वे कराकर उन्हें जमीन उपलब्ध कराई जाए, जिन किसानों को जमीन के बदले 2 गुनी जमीन दी जा रही है, उन किसानों को जमीन विकसित करने और कृषि उपकरण व अन्य कार्यों के लिए एक लाख रुपए प्रति बीघा की आर्थिक सहायता दी जाए। घोषणा के बाद यह जरूरी हो जाता है कि उसकी रोशनी में नए सिरे से अद्यतन तथा संशोधित अधिसूचना जारी की जाए, इसका समुचित रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले समाचार पत्रों में किसानों के नाम सहित विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जाए, किसानों को व्यक्तिगत नोटिस दिए जाएं, पारदर्शिता पूर्ण प्रक्रिया अपनाते हुए किसानों को समुचित रूप से दावे आपत्ति के लिए भी अवसर दिया जाए। जो किसान मुआवजा लेना चाहते हैं, उन्हें भूमि अधिकार कानून 2013 के प्रावधानों के अनुसार बाजार मूल्य से 3 से 5 गुना मुआवजा दिया जाए, इसके लिए वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाए, ताकि किसानों को वास्तविक मुआवजा मिल सके। अटल प्रोग्रेस वे के दोनों ओर एक किलोमीटर बीहड़ की जमीन में बनाए जाने वाले प्रस्तावित कॉरिडोर में कारपोरेट के बजाय किसानों को ही जमीन दी जाए। कृषि आधारित उद्योग लगाए जाएं, इसमें भी किसानों को ही प्राथमिकता दी जाए। बादल सरोज ने यह सुझाव मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से दिए हैं और इस पर अमल करने को कहा है।

# बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ एसएस खंडेलवाल सारस्वत अतिथि के रूप में विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में नोडल चाइल्ड लाइन शिवपुरी के सीटी समन्वयक श्री सौरभ भार्गव उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जिला संगठक डॉ एसएस खंडेलवाल जी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना मध्यप्रदेश शासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में संपूर्ण मध्यप्रदेश की रासेयों युक्त जिलों में बाल संरक्षण के ऊपर कार्यशाला आयोजित हो रही है । और यह बड़े हर्ष का विषय है कि शिवपुरी की 5 इकाइयों को बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का मौका मिला है आज की कार्यक्रम में जो स्वयं सेवक प्रशिक्षित होंगे वह निश्चित ही



अपनी इकाइयों में उत्कृष्ट कार्य करने का प्रयास करेंगे। प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार जी ने बच्चों को बाल संरक्षण पर बताते हुए कहा किकिसी लोकतंत्र की सबसे अच्छी कसौटी यह होती है कि एक नागरिक और एक राष्ट्र के रूप में हम सभी बालकों को न्याय दिला पाते हैं या नहीं. बाल अधिकारों के प्रति समाज की चेतना को विकसित करना जरूरी है ताकि बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास के लिए सभी आगे आ सकें.कार्यक्रम के प्रशिक्षक / विषय विशेषज्ञ नोडल चाइल्ड लाइन सीटी समन्वयक श्री सौरभ भार्गव ने सर्व प्रथम सभी स्वंयसेवको को बाल अधिकारों से अवगत करवाया , तत्पश्चात कैसे आप उन अधिकारों के संरक्षण में एक अहम भूमिका निभा सकते है इस पर पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन से समझाया साथ ही चाइल्ड लाइन 1098 किस प्रकार कार्य करती है उसकी कार्य प्रणाली से भी अवगत करवाया जिसका इस्तेमाल आप 24 घंटे 365 दिन कर सकते है । कार्यक्रम अधिकारी इकाई एक डॉक्टर पल्लवी शर्मा गोयल ने सभी स्वयंसेवकों से कहां की बाल अधिकारों का छेत्र केवल बाहरी तौर पर ही सीमित नहीं है वरन इसमें मानसिक रूप से भी किसी भी प्रकार की प्रताड़ना भी शामिल है इसलिये घर मे रहते हुए बच्चों को अपने विचार बताने में और अपनी परेशानियों को अपने माता पिता को बताने में संकोच नहीं करना चाहिये। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी इकाई - 2 डॉक्टर राकेश कुमार शाक्य ने किया ।

अंत मे मंचासीन अतिथियों द्वारा सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्वयंसेवको को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवकों आदर्श जैन, पीयूष जैन, साक्षी गुप्ता, प्रद्युम्न गोस्वामी, यश सोनी , आकाश धाकड़, अस्तित्व भार्गव, अंशुमन सोनी, शिवानी शर्मा,अदिति दीक्षित, तानिया श्रीवास्तव, तानिया शिवहरे, इशिका राय आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा । मंच संचालन स्वयंसेवक आयांशएवं हर्षिता ने किया।



## भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन युवा संगठन अम्बाह/मुरैना द्वारा किया गया शहीदों को नमन...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** प्रजापति युवा संगठन द्वारा पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए भारतमाता के वीर जवांज सपूतो को कैंडल मार्च जलाकर भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री संतोष प्रजापति जी, जिला कोषाध्यक्ष श्री शेलेन्द्र प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष श्री जंडेल प्रजापति, दिनेश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, मदन प्रजापति, विष्णु प्रजापति, अनिल प्रजापति, उपेंद्र प्रजापति आदि समस्त हीरोज टीम उपस्थित रही

## पशुओं का स्वास्थ्य भी भगवान भरोसे, मोबाइल पर डॉक्टर से बात कर इलाज करता है चपरासी



पहाड़गढ़ कन्हार एक ओर सरकार श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन पर जोर दे रही है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है की पहाड़गढ़ से 25 किलोमीटर दूर ग्राम कन्हार मे पशु चिकित्सालय बना हुआ है पिछले एक साल से ताला लटका हुआ है पशुपालक अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए किसी प्राईवेट चिकित्सक या घरेलू नुस्खे के सहारे ही काम चलाते हैं। ऐसे में समुचित इलाज के बिना कभी-कभी पशुओं की मौत भी हो जाती है, जिससे लोगों को आर्थिक क्षति का नुकसान उठाना पड़ता है लेकिन शासन प्रशासन की नजर अबतक इस हॉस्पिटल पर नहीं पड़ी हैं ग्रामीणों का कहना है की हमने 181 पर कंप्लेंट दर्ज भी कर चुके हैं लेकिन आज दिनांक तक शिकायत का निराकरण नहीं हुआ है

## महिलाएं शासकीय नौकरियों में कार्य कर रही हैं महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं है : वंदना गुप्ता



**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम पोरसा में 75 आजादी अमृत महोत्सव स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत आज आश्रम पर महिलाओं को एकत्रित कर महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वंदना गुप्ता महिला मोर्चा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पोरसा महिलाओं को कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कह रही थी कि आज के समय बेटियों महिलाओं का तेजी से ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है जिसमें हमारी महिलाओं बेटियों का योगदान बहुत है किसी भी शासकीय विभागों में या सामाजिक संगठनों में मंदिर आदि में महिलाओं का योगदान अधिक है दिन प्रतिदिन महिलाएं सामाजिक सेवा के माध्यम से नए नए कार्यक्रमों को करती हैं जैसे कन्या भ्रूण हत्या महिला सशक्तिकरण बैड टच गुड टच नशा मुक्ति अभियान जैसे कई कार्यक्रम कर कर लोगों को जागरूक किया है आज के समय में महिलाएं किसी से कम नहीं है जो भी कार्य दिया जाए उसे पूरा करती हैं महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को भी महिला सहन करती हैं परंतु अपने परिवार को टूटने नहीं देती हैं महिलाएं समय आने पर दुर्गा भी बनती हैं तो समय आने पर महाकाली भी बनना पड़ता है इस कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना गुप्ता बीके रेखा बहन बीके कंचन बहन सत्यवती बहन नारायणी बहन पिंकी देवी शारदा बाई ज्योति गुप्ता सुमन देवी रामदुलारी शिवहरे आदि महिलाए उपस्तित रही


## पत्रकार के भाई के ऑपरेशन में मंत्री राजे ने की मदद, परिजनों ने जताया आभार



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का अपने क्षेत्र की जनता के प्रति हमेशा से लगाव रहा है। वह उनके हर सुख-दुख में शामिल होती है और उनके दर्द को वह अपना दर्द समझती है। वह हर एक वर्ग के व?यक्ति की मदद के लिए पूरी तरह समर्पित रहती है । इसी तरह का एक मामला सामने आया जहां पत्रकार सुनील रजक के भाई मोनू रजक 25 वर्ष निवासी नबाव साहब रोड शिवपुरी के घुटने का ऑपरेशन होना था जिसकी जानकारी पत्रकार सुनील रजक द्धारा विधायक राजे को दी जिस पर मोनू की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण ऑपरेशन कराने में असफल हो रहा था। कैबिनेट मंत्री राजे ने अपनी स?वेच?छा निधि मोनू की आर्थिक रूप से मदद की और पूर्ण रूप से उसका उपचार कराने के लिए यूरेका हॉस्पिटल में डॉ. तन?मय चौधरी के द्धारा उसका सफल ऑपरेशन कराया गया। जिस पर मोनू व उसके भाई पत्रकार सुनील रजक सहित उनके पूरे परिवार ने केबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का धन?यवाद ज्ञापित किया और कहा कि वह उनके द्धारा किए गए सहयोग को जीवन भर नहीं भूलेंगे।

## झकनावदा में आई माताजी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन निकाली नगर मे विशाल शोभा यात्रा



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मध्यप्रदेश**–झकनावदा गाँव में आई माताजी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन 13 फरवरी को वेराई माताजी चौक इंदिरा कॉवोनी से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान की सुप्रसिद्ध गैर रहे आकर्षण का केंद्र एवं साथ ही विशाल शोभायात्रा में महिलाएं पुरूष अपनी-अपनी पारंपरिक वेशभूषा मैं नाचते झूमते नजर आए। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पीरोंसा गोपाल सिंह परमार विशेष अतिथि महंत 1008 योगेश महाराज, जति भग्गा बाबजी, भंवर महाराज, राजाराम महाराज, महंत रामेश्वर गिरी महाराज, समाजसेवी उज्जैन ट्रस्ट अध्यक्ष रामलाल सेंणचा, केसर सिंह हामड़, बाबुलाल चौधरी, कैलास मुकाती वी.आईपी ,ओमप्रकाश चोयल आदि उपस्थित रहे।विशाल शोभायात्रा में चल रहे समस्त भक्तों का नगर के प्रमुख चौराहों पर राजनीतिक सामाजिक एवं व्यापारियों के द्वारा मंच लगाकर पुष्प वर्षा, ठंडाई, दूध स्वल्पाहार, रसना पिलाकर स्वागत किया गया।

## माडुमर के ग्राम वाशियो ने पपौरा गौ शाला पर लगाये गंभीर आरोप

**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** सोमवार को मडुमर ग्राम पंचायत के लोगों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बैठकर जोर-जोर से चीज नारे लगा कर एसएलआरएम एम एल जैन को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें ग्रामीणों ने कहां गया रमन्ना के जंगल में मिली मृत्यु जो गांव की नहीं बल्कि पपौरा क्षेत्र में बनी गौशाला की मृत गाय हैं जो रमन्ना के जंगल में इतनी तादार में मिली है। वही जानकारी मडुमर क्षेत्र के भाजपा नेता सहित ग्रामीणो द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के ग्राम-पपौरा से कुछ जैन समाज के व्यक्तियों द्वारा अनेक वर्षों से गौश संचालित हो रही है। जिसमें लगभग 500 से अधिक गायें व उनके वंशज हैं। इस गौशाला म.प्र. शासन एवं भारत शासन से प्रति वर्ष लाखों रूपये गायों के





चारा, इलाज हेतु अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा जैन समाज भी इस संस्था को लाखों रूपये प्रतिवर्ष दान है। परन्तु इस गौशाला में पशुओं के चारा, इलाज पर ध्यान न दिया जाकर उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है तथा उसे लिए बनाये गये टीनशेड के स्थान पर पक्के कमरे व अन्गिनत शौचालय बना दिये गये हैं जिससे गायों को ठण्ड, गर्मी व बरसात में खुले मैदान में दिन बिताती हैं। इस गौशाला में शासन से प्राप्त अनुदान व दान राशि का दुरूपयोग किया रहा है। प्रतिदिन अनेक गायें भूख-प्यास व सर्दी-गर्मी से बिलख-बिलख मृत्यु का ग्रास रही हैं। पिछले कुछ माह में 200 से अधिक गायों की मौत हो चुकी है। मृत गायों को के जंगल में जंगली जानवरों के आहार बनने हेतु फेंक दिया जाता है जिससे जंगली जान भी आने लगे हैं। इस गौशाला के पदाधिकारियों को राजनैतिक संरक्षण भी प्राप्त होने से विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, ग्रामवासियों में काफी शोष है। कोई ग्राम वासियों ने मांग की है कि उक्त मामले में मुझे जाकर आरोपियों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान मडुमर के काफी ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ब्रह्म का अनुभव परम ज्ञान की प्राप्ति केवल गुरु की देन है मां कनकेश्वरी

### स्वर्ग में विराजमान आत्माओं को भी भोगना पड़ता है नर्क का फल

### रासलीला का भी आनंद ले रहे हैं भक्त गण

**गोहद,,,** श्री रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम यात्रा में भगवत कथा मैं आज मां कनकेश्वरी ने कहा कि ब्रह्म का अनुभव परम ज्ञान की प्राप्ति केवल गुरु की कृपा से ही उन्हीं के प्रयासों से हमें प्राप्त होती हैं ग्रंथों का श्रवण करना परम ज्ञान की जिज्ञासा जागृत रखना बहुत जरूरी है मां कनकेश्वरी ने कहा है कि जो आत्मा स्वर्ग में गई है उनकी परंपरा के लोग अगर अपराध करते हैं तो उनके पितरों को भी नरक का भागीदार बनना पड़ता है क्योंकि जिस शरीर से हम पाप करते हैं उस शरीर में उनकी मिट्टी का अंत होता है जिसका फल स्वर्ग में बैठे हमारे पूर्वजों को भोगना पड़ता है उन्होंने भगवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि पूर्व जन्मों के कर्मों के अनुसार इस



जन्म में कोई दुखी कोई सुखी कोई गरीब कोई अमीर हो सकता है पूर्व जन्म के कारणों परिस्थितियां विंडमिल हो सकती है चार चीजें सब कुछ जो जीवन को संतुलित बना देती हैं सब कुछ ठीक कर देती हैं विप्र धेनु सुर संत यह चारों की जय भगवान ने मानव जीवन के संतुलन के लिए बनाई है संतुलित विकास के लिए इन चीजों को भगवान ने बनाया है आज की भगवत कथा में दंदरौआ धाम के संत रामदास जी महाराज श्री रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम खनेता के महंत महामंडलेश्वर राम भूषण दास महाराज ने कहा कि आज भगवत कथा में आप सभी ने भगवत कथा और रासलीला का आनंद लिया निश्चित ही आपके जीवन में भगवत कथा के माध्यम से सुधार उन्नति प्रगति आएगी धर्म के प्रति आपकी भावना बनेगी विश्व में समाज का कल्याण होगा इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा सरकार जय भान सिंह पवैया सहित क्षेत्र के हजारों भगवत कथा प्रेमी कथा का रसपान करने उपस्थित थे।

## दिव्यांग सोजल अग्रवाल ने लिया दतिया मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश

### डीन दतिया मेडिकल कॉलेज डॉ दिनेश उदेनिया ने कहा - हमारे लिए गर्व का विषय

### दिव्यांग होना किसी कमजोरी की नहीं , विशेषता की निशानी है यह सोजल ने सिद्ध किया- डॉ हेमंत कुमार जैन

**दतिया मंडे पोजीटिव स्टोरी**
**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**


कैलारस के प्रमोद अग्रवाल के बेटे, सोजल अग्रवाल का जन्म से ही एक हाथ (बांया ) नहीं है , परंतु जब से सोजल ने होश संभाला उसने एक



चिकित्सक बनने का सपना देखा, और उसके हौसले को देखिए आज उसने नीट के माध्यम से दतिया मेडिकल कॉलेज में प्रवेश भी ले लिया है सोजल के पिता जी एक प्राइवेट जॉब करते हैं , सोजल के अनुसार उनके परिवार के हालात ऐसे नहीं थे कि वो किसी प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की भारी फीस भर सके , इसलिए उसने जी तोड़ मेहनत की और शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया । डीन डॉ दिनेश उदेनिया का कहना हैं कि पिछले 4 सालों में सोजल हमारा पहला छात्र होगा जिसका एक हाथ नहीं होने पर भी वह एमबीबीएस के लिए चयन हुआ हो , यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम उसके चिकित्सक बनने के सपने को पूरा करने में एक माध्यम बनेंगे। डॉ हेमंत जैन ने कहा कि सोजल ने यह सिद्ध किया है कि दिव्यांग होना कोई कमजोरी नहीं अपितु एक विशेषता है। प्रवेश के समय महाविद्यालय के सभी चिकित्सकों ने सोजल की इस सफलता पर बधाई दी

# धूमधाम से मनाया गया माँ रणकौशला देवी का जन्मोत्सव

## बीके रेखा बहन को नगर पालिका परिषद पोरसा ने बनाया स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर



कार्यालय नगर पालिका परिषद पोरसा जिला मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/228 पोरसा दिनांक :- 14/02/2022

प्रति,
बी.के.रेखा बहन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी
पोरसा

विषय :- स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ब्राण्ड एम्बेस्डर नियुक्त करने बावत्।

उपरोक्त विषय में लेख है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 हेतु निकाय द्वारा आपको सामाजिक कार्य करने कारण स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेस्डर नियुक्त किया जाता है। अतः आप अपनी टीम के साथ नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता के लिए लोगों को जागरुक करें। जिससे निकाय को स्वच्छ रखा जा सके।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम की संचालक बीके रेखा बहन को पोरसा नगर स्वच्छता कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पोरसा नगर का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है बीके रेखा बहन ने ब्रांड एंबेसडर बनने के बाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि पोरसा शहर मैं हम सबको मिलकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर को स्वच्छ बनाएंगे हम सब मिलकर पहले स्वयं अपने घर से शुरुआत करते हुए मोहल्ले में स्कूल कॉलेज मंदिर धर्मशाला गार्डन कोचिंग सेंटरों पर जाकर स्वच्छता अभियान का संदेश देंगे और पोरसा की जनता को स्वक्षता जागरूक अभियान भी करेंगे नगरपालिका पोरसा को स्वच्छ बनाने में अपनी अपनी छोटी से छोटी सहभागिता करेंगे क्लीन पोरसा ग्रीन पोरसा को लेकर के हम सब मिलकर कार्य करेंगे ब्रांड एंबेसडर नियुक्त होने पर आश्रम की भाई-बहनों एवं क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें बधाई दी बधाई देने वालों में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता अरुण गुप्ता डॉक्टर अनिल गुप्ता श्याममुरारी बाबा जसराम गुप्ता बीके कंचन बहन कमल किशोर गुप्ता ब्रजकिशोर सिंह तोमर संदीप उपाध्याय कमल जाटव शिवराज तोमर अवधेश राजोरिया योगेश शर्मा लोकेंद्र तोमर अर्पित गुप्ता कल्लू वर्मा रमाकांत शर्मा पवन शर्मा प्रदीप तोमर सत्यपाल तोमर आदि लोग उपस्थित रहे

## फोटो निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करने के लिए निर्देश

**पन्ना -देवेन्द्रनगर रिपोर्टर शैलेन्द्र शुक्ला की खबर**

तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना (मतदान केन्द्र क्रमांक 160 से 290) के सभी बीएलओ को फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के नाम शामिल करने और अपात्र व्यक्तियों के नाम निरस्त करने के संबंध में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। बीएलओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत गत 5 जनवरी को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली 2022 का वाचन कर नाम जोड़ने और निरस्त करने की कार्यवाही आगामी 28 फरवरी तक पूर्ण कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

## उपकर राशि की वसूली के संबंध में निर्देश


**पन्ना - देवेन्द्रनगर रिपोर्टर शैलेंद्र शुक्ला की खबर**

कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने सभी कार्यालय प्रमुखों को भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल उपकर अधिनियम 1996 के अंतर्गत उपकर राशि की वसूली के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। अधिनियम में कार्यों की संपूर्ण लागत का एक प्रतिशत उपकर की वसूली का प्रावधान है। उपकर राशि की वसूली के बाद 30 दिवस में मंडल के खाते में जमा कराना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि निर्माण श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा तथा उनकी कार्यदशा में सुधार के उद्देश्य भारत सरकार द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तो का विनियमन) अधिनियम 1996 के तहत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए उपकर वसूली का प्रावधान किया गया है।

## हज़ारो की संख्या में उमड़ा भक्तो का जनसैलाब

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह** भिंड जिले के उत्तरप्रदेश की अंतिम सीमा सिरसागण के वीर मलखान की तपोभूमि ग्राम अमाहा क्षेत्र दबोह जिला भिंड में शक्तिपीठ माँ रणकोशला देवी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।आज के दिन देवी माँ की नवीन प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा की गई थी तभी से सभी धर्मप्रेमी शुल्क पक्ष की तेरस को माँ रणकौशला माता का जन्मोत्सव मनाते हैं।वहीँ आज सुबह से ही भक्तो का मन्दिर पर जाने का सिलसिला शुरू हुआ और देर रात्रि तक चलता रहा।जानकारी के लिए आपको बता दें कि मन्दिर परिसर में सात दिनों से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था।माता के जन्मोत्सव के दौरान विधिविधान से हवन हुआ तदोपरांत माता को तरह तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया उसके बाद प्रसादी वितरण की गई जिसमे हजारो श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।यहाँ बता दे कि प्राचीन आल्हा उदल के समय से प्रसिद्ध स्थापित देवी माँ की प्रतिमा सिद्ध मन्दिर रेहकोला देवी के नाम से दूर दराच क्षेत्र में चर्चित हैं यहाँ आज भी भक्तो की मनोकामनाये पूरी होती हैं बृहम महूरत में आज भी नित्य बीर मलखान माँ की आराधना व् पूजा अर्चना करने सुरंग के मुख्य द्वार से आते हैं इस सुरंग का द्वार



सिरसागण से माँ के दरवार तक धरती के अंदर बताया जाता है मन्दिर के पुजारियो की माने तो यहाँ नित्य मन्दिर में सुबह के समय पूजा की सामग्री पुष्प आदि मन्दिर में अर्पित मिलता है।

### दिन में तीन रूपो में होते हैं माँ के दर्शन

यहाँ भक्तो को माता दिन में तीन रूपो में भक्तो को दर्शन देती हैं माँ का सुबह के समय अलग रूप



होता है मध्याबकाश के बाद अलग और सन्ध्या के अलग रूप में भक्तो को दर्शन होते हैं जो लोग सच्चे मन से माँ से अर्जी लगातें हैं संकटहरनी माँ उनकी मनोकामनाये निश्चय ही पूरी करती हैं साथ ही बता दें कि मन्दिर पर सत्चण्डी महायज्ञ का आयोजन भी कई बार हो चुका है यहाँ उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश व राजस्थान के बिभिन्न जिलो से दर्शनार्थी आते हैं बर्ष में तीन बार नबमी के दिन बिशाल मेला का आयोजन किया जाता है जिसमे कई हजारो की संख्या में भक्तगण आते हैं।।

### क्या है पूरा रहस्य

वीर मलखान का पहूज नदी के किनारे सिरसा गढ़ नामक रियासत हुआ करती थी। पहूज नदी की बीहड़ में आज भी इस रियासत के अभिशेष मिलते है।मंदिर परिसर में एक बावड़ी है स्थानीय लोगों के मुताबिक मंदिर परिसर की बावड़ी का सीधा रास्ता सिरसा गढ़ से जुड़ा है।एक बावड़ी सिरसा गढ़ में भी है।इसी बावड़ी के रास्ते से वीर मलखान अपनी पत्नी गजमोतिन के साथ पूजा-अर्चना के लिए आया करते थे। मलखान और दिल्ली के राजा पृथ्वीराज चौहान के बीच युद्ध हुआ था। पृथ्वी राज के सेनापति से मलखान के साथ छल किया था। जिससे मलखान युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गए थे।रणकौशला देवी मंदिर के पंडित हलधर का कहना है कि सन् 1998 में श्रीनगर से कारीगर आए थे।इन कारीगरों कने मां ने दर्शन दिए थे।मां ने कहा था कि मेरा स्वरूप काफी पुराना हो गया है।पाषाण प्रतिमा को अष्टधातु की प्रतिमा में बदलना है।यह प्रेरणा के साथ जब कारीगरों ने मंदिर प्रबंधन को बताया तो पाषाण प्रतिमा को अष्टधातु की परत चढ़ाई गई।इस तरह मां का स्वरूप सोने जैसा दमकने लगा है।मां रणकौशला देवी को स्थानीय लोग रेहकोला देवी के नाम से भी पूजते है।माता का यह सिद्धदात्री स्वरूप है।वो शत्रु पर विजय दिलाने के साथ ही हर मनोकामना पूरी करती है।सबसे ज्यादा लोग माता से संतान प्राप्त की इच्छा के साथ आते है।मां की कृपा से गोद हरीभरी होने पर पालना चढ़ाने का रिवाज है। इसके अलावा यहां लोगों की मनोकामना पूरी होने पर जवारे,श्रृांग चढ़ाई जाती है। यहां पूजा-अर्चना के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं।साथ ही मन्दिर पर नवमी को विशाल मेले का भी आयोजन होता है जिसमे हजारों लोग पहुंचते हैं।ऐसी विदित है कि जब आल्हा-उदल के भाई सिरसा गढ़ के सामंत वीर मलखान का पृथ्वी राज चौहान से युद्ध हुआ था।उसे पहले मां रणकौशला ने मलखान का शरीर वज्र की तरह कठोर बना दिया था, परंतु माता की नजर पैरों के तले पर नहीं पड़ सकी,इसलिए पैर के पंजे कमजोर रहे।मलखान पर अस्त्र और शस्त्र के प्रहार का कोई असर नहीं होता था।यह बात पृथ्वी राज चौहान को पता चली।इस पर व्यू रचना की गई और जमीन के अंदर श्रृंग(नुकीले हथियार)गढ़वाए गए।जैसे ही मलखान का घोड़ा आया तो वो श्रृंगों से घायल होकर जमीन पर गिर गया।जैसे ही मलखान जमीन पर गिरे वैसे ही उनके पैरों में इन नुकीले अस्त्र चुभ गए।इस वजह से वो चलते नुकील अस्त्र उनके पैरों को पंजों को चीर देते थे।इस तरह वीर गति को प्राप्त होना बताया जाता है।

# संत रविदास जी ईश्वरीय भक्ति के दार्शनिक थे : बनौरिया

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

मौ। मण्डल के रामपुरा (रतवा) में संत रविदास जी की जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें साधु संतों सहित समाजसेवियों का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम बनौरिया जी भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा जिला प्रभारी रहे, पिंकी सगर जी जिला अध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा भिंड, मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह जी, भानु जयंत जी कार्यक्रम जिला प्रभारी, विक्कू राजावत जी, युवा मोर्चा ग्वालियर, महेन्द दास महाराज सीताराम महाराज जी, भूरेदास महाराज जी, बल्लूदास महाराज जी, कमलदास महाराज जी आदि संतो का सम्मान शॉल,श्रीफल भेंट कर किया गया। पुरुषोत्तमद्धबनोरियाद्धजी ने अपने भाषणों में कहा की संत शिरोमणि रविदास जी ईश्वरीय भक्ति के ऐसे दार्शनिक थे जिन्होंने भारत में एक अलग ही स्थान बनाया उनके भक्ति काल की कई ऐसी कहानियां है जिससे उस युग के राजा महाराजा तक प्रभावित थे यहां तक मोहम्मद गजनवी और उनकी बेगम भी रविदास जी से आशीर्वाद लेने आया करती थी इसलिए संत रविदास जी को ईश्वरी भक्ति का दार्शनिक कहा जाता है। त्नकार्यक्रम का आयोजन चंदू गोयल जी द्वारा किया गया। इस मौके पर मंच संचालन रामख्तयार गुर्जर ने एंव स्वागत भाषण मंण्डल महामंत्री राजू मिश्रा एंव आभार प्रकट सुल्तान मौर्य ने किया इस अबसर पर रामू कुशबाह मंण्डल मिडिया प्रभारी डां बेताल गोड डां सुनील गोयल राजवीर कौशल जी, मातादीन जी, पन्नालाल जी, राजाराम जी, रामरतन जी, पवन जी, ध्यानेन्द्र सिंह जी, कुलदीप सिंह जी आदि सेंकडो जन मौजूद रहे।





## ब्रह्माकुमारी आश्रम पर पुलवामा हमले में शहीद हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम पोरसा 75 वे आजादी अमृत महोत्सव स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम के अवसर पर पुलवामा हमले में 14 फरवरी 2021 में शहीद हुए शहीदों को कैंडल मार्च जलाकर श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मोन धारण किया गया और उन वीर सपूतों को याद किया गया आज हमारे चंबल अंचल में सबसे अधिक फौज में नौकरियां कर रहे हैं और देश की रक्षा कर रहे हैं हमें अपने चंबल क्षेत्र के फौजियों पर नाज एवं फक्र है कि हमारा फौजी भाई देश की रक्षा में बॉर्डर पर जीरो टेंपरेचर डिग्री पर भी मुस्तेदी से देश की रक्षा के लिए खड़ा हुआ है श्रद्धांजलि अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता नगर पालिका ब्रांड एंबेसडर बीके रेखा बहिन ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर अनिल गुप्ता सब इंजीनियर संजय वर्मा केके त्यागी शिवराज तोमर जसराम गुप्ता कमल जाटव राजा शर्मा अन्नू गुप्ता बीके कंचन बहन सत्यवती गुप्ता आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

# दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल में पॉक्सो एक्ट पर सेमिनार का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली तोड़**

**सीहोर।** सोमवार को नगर के दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल में विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए पॉक्सो एक्ट (प्रिवेंशन आफ चाइल्ड फ्राम सेक्सुअल अफेंस एक्ट) पर सेमिनार का आयोजन किया गया। पॉक्सो एक्ट, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को चाहे वह लड़का हो या लड़की, शारीरिक उत्पीडन्, लैंगिग अपराध में न्याय दिलाता है। सेमिनार में बूसी रॉबी ने इस एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को वीडियो एवं गुड़िया के माध्यम से गुड टच और बेड टच के बारे में बताया और यह भी बताया कि शरीर के किन हिस्सों पर किसी को छूने नहीं देना चाहिए। वर्तमान परिवेश में अत्यधिक करीबी व्यक्ति या रिश्तेदारों द्वारा भी बच्चों का लैंगिंग शोषण किया जाता है। अत- बच्चों को यह समझना चाहिए कि परिचित या रिश्तेदार द्वारा उन्हें बेड टच तो नही किया जा रहा है। यदि ऐसा होता है तो बच्चों को निडर होकर मम्मी पापा को यह बात बताना चाहिए। बच्चों ने गुड टच बेड टच के बारे बहुत ध्यान से समझा तथा अपनी प्रतिक्रियाएं भी दीं। सेमिनार को श्रीमती बूसी रॉबी ने संबोधित किया। जो बेथेल फॉर रिफ्यूजी वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा होने के साथ साथ जिला समन्वयक, क्योर इंटरनेशनल इंडिया एवं वाईएमसीए मध्य भारत क्षेत्र की उपाध्यक्षा भी हैं। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष एडवोकेट जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सवः ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। नरेश सीरवी

**रानी पाली।** निकटवर्ती ईटन्दरा चारणान क्षत्रिय सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन। विक्रम संवत 2078 माघ सुदी तेरस 14 फरवरी 2022 ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। प्रातः 9~31 ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज के लिए ऐतिहासिक पल। सीरवी समाज धर्मगुरु परम पूज्य श्री दीवान माधव सिंह के सानिध्य में आई माता प्राण प्रतिष्ठा पाट स्थापना संपन्न हुई। । आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सीरवी समाज ईटन्दरा चारणान द्वारा मंदिर परिसर में महा अभिषेक अंग न्यास अग्नि तारण शिखर पूजन ध्वजा पूजन। पूर्णाहुति महा आरती एवं महा प्रसादी आदि धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया गया।

## आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के प्रथम चरण से अंतिम चरण तक ऐतिहासिक नजारा

ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ गणपति पूजन चेक कर वरघोड़ा भव्य कलश यात्रा भजन संध्या महायज्ञ धर्मरथ स्वागत धर्मगुरु स्वागत धर्म सभा प्रवचन स्वागत सम्मान कार्यक्रम। महा प्रसादी कार्यक्रम को भव्य सफल बनाया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में धर्म रथ धर्मगुरु का भव्य स्वागत कार्यक्रम में रंग बिरंगे वेशभूषा में राजस्थानी गैर नृत्य कार्यक्रम को देखकर धर्मगुरु दीवान माधव सिंह ने ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज की भूरी भूरी प्रशंसा की। ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मैं धर्मगुरु दीवान माधव सिंह के सानिध्य में लाभार्थी परिवारों का बहू मान किया गया।



## धर्म सभा को किया संबोधित समाज सुधार पर की गई चर्चा

आई पंत धर्मगुरु दीवान माधव सिंह ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम समाज को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने को लेकर जोर दिया गया। समाज को नशा मुक्त करने का आव्हान । सीरवी समाज के धार्मिक सामाजिक निजी कार्यक्रम में मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने का धर्म सभा में जिक्र किया गया। नारी शक्ति को पारिवारिक जीवन में बच्चों को उत्तम संस्कार देने का कहा गया। अंतिम संबोधन में दीवान माधव सिंह ने समाज को कहा कि एकता में ही अखंडता है सीरवी समाज संपूर्ण भारत में एक हैं और एक ही रहेगी। मां आईजी जी के आशीर्वाद से सीरवी समाज देश प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में समाज ने डंका बजाया है।

## स्वर्ण अक्षरों में नाम लिखने का सौभाग्य

इतिहास में पहली बार ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मुख्यएईण्डा बोली से अंतिम बोली तक संपूर्ण नगद भुगतान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 25 बोलियां लगाई गई जिसका संपूर्ण भुगतान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से 24 घंटे पहले ईटन्दरा चारणान मंदिर कमेटी को बोलियों के लाभार्थियों ने राशि जमा करवा कर एक नया अनोखा रिकॉर्ड कायम किया। यह सीरवी समाज में गौरव की बात है कि इतिहास में पहली बार ऐसे आयोजनों पर संपूर्ण नगद भुगतान किया गया। आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा अलग ही नजारा था। जिसमें संपूर्ण अलग-अलग व्यवस्थाओं में स्वस्थ भारत मिशन के संकल्प के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को संपन्न करवाया गया।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पात्र हितग्राहियों को वितरित की राशन की पात्रता पर्ची एवं हाथठेला कार्ड




ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने 38 नम्बर शासकीय कार्यालय पर उपनगर ग्वालियर के पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए कहा कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे यही मेरा प्रयास रहा है। हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए में प्रतिबद्ध हूँ। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आज ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपने कार्यालय पर वार्ड 8,9,10,11,12,13 व 14 के हाथठेला व कामकाजी 134, राशन की पात्रता पर्ची 200 व पेंशन के 10 पात्र हितग्राहियों को मिलाकर कुल 344 कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी वर्दाश्त नही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार आपकी समस्या के निराकरण के लिए आपके क्षेत्र में केंप आयोजित कर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। साथ ही कहा कि जबसे आपका सेवक आया है तब से 15 हजार से अधिक परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची दी जा चुकी है। आंगे भी पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची दी जायेंगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी जरूरत मंद की सेवा से बडा कोई कार्य नही होता है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत मिलने वाले 10 हजार रूपये का लाभ लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा हितग्राही आवेदन करें, जिससे उन रूपयों से आप अपने व्यापार को ब?ाकर और ज्यादा मुनाफा कमा सकें। साथ ही कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विधानसभा में नई संजीवनी क्लीनिक खोली जा रही हैं, साथ ही अस्पताल व अन्य कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। आपके नौनिहालों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले इसके लिये सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं।

# पुलवामा हमले में शहीद वीर सपूतों को श्रद्धांजलि



ग्वालियर।

पुलवामा हमले में शहीद वीर सपूतों को सीआरपीएफ (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल) केन्द्र ग्वालियर में नम आँखों से याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शहीदों के परिवारों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना ईश्वर से की गई।

14 फरवरी 2019 को जम्मू से श्रीनगर जा रहे सीआरपीएफ के जवानों पर पुलवामा श्रीनगर में आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण हमला किया गया। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। इस असहनीय घटना से पूरा देश अचंभित और शोकग्रस्त हो गया। आज 14 फरवरी 2022 को शहीदों की तीसरी पुण्यतिथि पर संयुक्त रूप से सीटीसी एवं ग्रुप केन्द्र ग्वालियर के अधिकारी श्री पी के पाण्डेय, महानिरीक्षक, प्राचार्य सीटीसी श्री पी सी श्रीवास्तव, उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र ग्वालियर सहित सभी अधिकारियों, अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### फसल बीमा के लिए 19 फरवरी तक पोर्टल पुनः खुला

ग्वालियर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2020 एवं रबी 2020-21 के बीमाधारक कृषकों की डाटाएन्ट्री फसल बीमा पोर्टल पर करने के लिए समय सीमा में बैंकों द्वारा पोर्टल पर एन्ट्री करने से छूटे बीमा धारकों के लिये भारत सरकार द्वारा 19 फरवरी 2022 तक पोर्टल पुन- खोला जा रहा है। कृषि विकास विभाग ने बताया कि ÷प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना÷ के क्रियान्वयन में विगत वर्षों के अनुभवों के आधार पर देखने में आया है कि योजना की संशोधित गाईडलाइन में सुस्पष्ट दिशा-निर्देश के उपरांत भी बैंक / क्ष्ह्रस् के स्तर पर कार्य में लापरवाही बरतने के कारण किसान फसल बीमा दावा राशि लाभ से वंचित होते हैं और बाद में सी.एम. हेल्पलाईन, जन सुनवाई एवं अन्य फोरम पर शिकायतें होने की स्थितियां निर्मित होती है, जो सुशासन की दृष्टि से ठीक नहीं है।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू

ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियो के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। इस हेल्पलाइन में विद्यार्थियों को परीक्षा के समय में होने वाले मानसिक तनाव को दूर करने एवं अकादमिक समस्याओ के निराकरण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। हेल्पलाइन प्रात- 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक समस्त अवकाश दिवसों में भी संचालित रहेगी।विद्यार्थी परीक्षाओ एवं मण्डल संबंधी समस्त जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 18002330175 पर सम्पर्क कर सकते है। हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों को मण्डल द्वारा समय-समय पर जारी परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी, परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव प्रबंधन संबंधी जानकारी, विषय विशेषज्ञों से कठिन अवधारणाओं के लिए परामर्श, परीक्षा के दौरान अपना आहार-विहार तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, कोविड-19 प्रोटोकॉल के संबंध में परामर्श, विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# क्षत्रिय महासभा ने एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल पर किया आयोजित



ग्वालियर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों की याद में एक शाम पुलवामा के शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मी बाई समाधि स्थल पर किया।। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर जी ने बताया कि आज शाम 6-00 बजे लक्ष्मी बाई समाधि स्थल पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के द्वारा आज से 3 वर्ष पूर्व कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर जो आतंकवादी हमला हुआ था उसमें 44 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे उन सभी अमर शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं ग्वालियर जिले के गणमान्य नागरिकों सहित मातृशक्ति ने वीर शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखते हुए कैंडल जलाकर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर जी ने आगे बताया कि आज हम सभी लोग अपने घरों पर चैन की सांस ले पा रहे हैं तो यह सब भारतीय सेना के वीर जवानों की शहादत का ही परिणाम है।। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह तोमर, राहुल प्रताप सिंह परमार प्रदेश महासचिव, धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, शैलेंद्र सिंह राठौड़, अजीत सिंह तोमर, राम तोमर, निशा तोमर, अंजना चौहान, दीपू भदोरिया, धीरेंद्र सिंह तोमर, तरुण सिंह, उदय सिंह तोमर, महेंद्र सिंह तोमर, दारा सिंह तोमर, आदि सैकड़ों की तादाद में उपस्थित जनसमूह ने वीर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।।

# गुलाब बाग को और अधिक आकर्षक बनाया जाए: निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में विकसित किए जा रहे पार्क बहुत ही सुंदर व व्यवस्थित होना चाहिए तथा प्रत्येक पार्क में सुरक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक इंतजाम होने चाहिए। इसके लिए पार्क के आस पास के नागरिकों की एक समिति बनाकर उनकी मदद भी लें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज सोमवार को जलविहार स्थित गुलाब बाग का निरीक्षण करते हुए व्यक्त किए।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने जलविहार में पार्क विभाग द्वारा विकसित किए गए गुलाब बाग का अवलोकन करते हुए गुलाब बाग को और अधिक आकर्षक बनाने एवं हायब्रिड गुलाब लगाने को लेकर निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सैलानियों को गुलाब बाग के प्रति आकर्षक करने के लिए विभिन्न प्रकार के गुलाब लगाकर उन्हें व्यवस्थित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उद्यान अधीक्षक श्री मुकेश बंसल, उद्यान पर्यवेक्षक श्री अंकित परिहार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




# ऊषा किरण पैलेस, सिंधिया कन्या विद्यालय, नजरबाग मार्केट, अपोलो हासिपटल, इंटक मैदान एवं सेन्ट्रल लाइब्रेरी शहर के सबसे स्वच्छ प्रतिष्ठान

### नगर निगम ग्वालियर ने किया 'स्वच्छ प्रतिष्ठान' का सर्वेक्षण

ग्वालियर। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए 26 जनवरी से 15 दिवसीय ÷स्वच्छ प्रतिष्ठान÷ सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया था। जिसके लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा एक लिंक जेनरेट कर सभी 66 वार्डो में 304 प्रतिष्ठानों को रजिस्टर्ड कर वार्ड मॉनीटर के साथ ही वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों की समिति के लगभग 250 सदस्यों से मार्किंग कराई गई और मार्किंग के आधार पर गोपनीयता बनाए रखते हुए आज सोमवार 14 फरवरी 2022 को ÷स्वच्छ प्रतिष्ठान÷ की रैंकिंग की गई। जिसमें उषा किरण पैलेस सबसे स्वच्छ होटल, सिंधिया कन्या विद्यालय सबसे स्वच्छ पाठशाला, नजरबाग मार्केट सबसे स्वच्छ बाजार, अपोलो हास्पिटल सबसे स्वच्छ हास्पिटल, इंटक मैदान हजीरा को सबसे स्वच्छ हाकर्स जोन एवं सेन्ट्रल लाइब्रेरी को सबसे स्वच्छ कार्यालय की रैंकिंग प्रदान की गई।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में स्थित प्रतिष्ठानों में निजी एवं शासकीय कार्यालय, बैंक, छोटी-ब?ी दुकानें, शो-रूम, अस्पताल, क्लीनिक, होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल आदि शामिल हैं। स्वच्छ शब्दावली में इन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर कहा जाता है। इनके बीच ही ÷स्वच्छ प्रतिष्ठान÷ प्रतिस्पर्धा की गयी। स्टार रेटिंग के आधार पर इनकी राज्य स्तरीय रैंकिंग भी होगी। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करना है।

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Acs | | | | |
| 2 | S.NO | Zones/Name | Ranking | | |
| 3 | 1 | Gwl- Mr Atendra Singh Gurjar | 1st | 65.85 | |
| 4 | 2 | South- Mr Mukul Gupta | 2nd | 63.93 | |
| 5 | 3 | East- Mr RK Shrivastava | 3rd | 51.49 | |
| 6 | 4 | Rural- Mr Sanjay Mehta | 4th | 49.33 | |
| 7 | | | | | |
| 8 | HO | | | | |
| 9 | S.NO | Zones/Name | Ranking | एवरेज पॉइंट्स | |
| 10 | 1 | Gwl- Mr Shrikrishna Sharma | 1st | 65.85 | |
| 11 | 2 | South- Mr Bhishm Kumar pamna | 2nd | 63.93 | |
| 12 | 3 | East-Mr Vaibhav shrivastava | 3rd | 51.49 | |
| 13 | 4 | Rural- Mr Vaibhav shrivastava | 4th | 49.33 | |
| 14 | | | | | |
| 15 | | | | | |
| 16 | | | | | |
| 17 | S.NO | AHO | एवरेज पॉइंट्स | | South |
| 18 | 1 | ajay thakur | 67.72 | top | |
| 19 | 2 | vishambhar dayal banawar | 56.91 | bottom | |
| 20 | | | | | |
| 21 | S.NO | AHO | एवरेज पॉइंट्स | | GWL |
| 22 | 1 | sharan kumar | 66.02 | top | |
| 23 | 2 | pawan dhawal | 65.66 | bottom | |
| 24 | | | | | |
| 25 | S.NO | AHO | एवरेज पॉइंट्स | | East |
| 26 | 1 | kishore chuahan | 52.61 | top | |
| 27 | 2 | jadeesh chitodiya | 49.57 | bottom | |
| 28 | | | | | |
| 29 | S.NO | AHO | एवरेज पॉइंट्स | | Rural |
| 30 | 1 | dependra singh senger | 83.66 | top | |
| 31 | 2 | rajendra singh | 32.16 | bottom | |
| 32 | | | | | |
| 33 | S.NO | Over All AHO | एवरेज पॉइंट्स | | |
| 34 | 1 | dependra singh senger | 83.66 | Top | Rural |
| 35 | 2 | rajendra singh | 32.16 | bottom | Rural |
| 36 | | | | | |

**इन 6 श्रेणियों में प्रतिष्ठानों की हुई रैंकिंग**

नगर निगम ग्वालियर द्वारा शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण में अलग-अलग 6 श्रेणी में रैंकिंग की गई है। इसमें स्वच्छ पाठशाला, स्वास्थ्य संस्थाएं, होटल एवं रेस्टोरेंट, कार्यालय, हॉकर्स जोन और स्वच्छ बाजार की श्रेणी शामिल किए गए हैं। इस सर्वेक्षण में उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, नोडल अधिकारी एसबीएम श्री मधु शोलापुरकर, सहायक नोडल अधिकारी एसबीएम श्री संदीप शर्मा, स्विप्निक्स फाउंडेशन के फाउंडर श्री सुमित सक्सैना की टीम द्वारा सहभागिता की गई।

# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बहागी में सांस्कृतिक क्रीड़ा उत्सव कार्यक्रम आयोजित



ग्वालियर। ग्राम बहागी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक क्रीड़ा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। खेल क्रीड़ाओं के साथ-साथ ग्राम के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी हुआ। कार्यक्रम में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ. केशव पाण्डेय ने की।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कहा कि गाँव की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं के हुनर से मिलती है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से निसंदेह प्रतिभायें सामने आती हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478